प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव
रांची संस्करण
बुधवार 16 अक्टूबर 2024
● वर्ष 03 ● अंक 70
● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया
37 वर्ष 1987-2024
श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते
# श्रमबिन्दु
रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र
डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021- 23 | E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in | आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88

## झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के तारीखों का ऐलान, आदर्श आचार संहिता लागू

## 'एग्जिट पोल' पर आत्मचिंतन जरूरी इवीएम पूर्ण सुरक्षितः चुनाव आयोग



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा है कि एग्जिट पोल पर आत्मचिंतन तथा जिम्मेदारी से काम करने की जरूरत है और ईवीएम को लेकर जो सवाल उठते हैं वे आधारहीन हैं और ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान करते हुए मंगलवार को नयी दिल्ली स्थित निर्वाचन सदन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एग्जिट पोल का कोई मतलब नहीं है और मतगणना के दिन जो रुझान मतगणना आरंभ होने के साथ ही आने शुरू होते हैं वे एग्जिट पोल को सिर्फ सही ठहराने का एक प्रयास है। उनका कहना था कि हाल के चुनाव में जो रुझान टीवी चैनलों ने शुरू में दिये वे पूरी तरह से आधारहीन थे।

श्री कुमार ने कहा कि जब आयोग की वेबसाइट पर साढ़े नौ बजे पहला रुझान दिया जाता है तो टीवी चैनल मतगणना शुरू होने के 10-15 मिनट के भीतर ही कैसे रुझान देना शुरू करते हैं। बाद में वे रुझान भी एग्जिट पोल की तरह ही गलत साबित होते हैं। हो सकता है कि संवाददाता मतदान केंद्र के आसपास खबरें जुटाते हों लेकिन उनकी खबरें जल्द ही उलट कैसे जाती हैं, इसका मतलब है कि चैनल ऐसा करके सिर्फ अपने एग्जिट पोल को सही ठहराने का प्रयास करते हैं।

आयोग ने कहा कि एग्जिट पोल के लिए आत्मचिंतन की जरूरत है। इसके परिणाम देने से पहले यह सोचने की जरूरत है कि कहीं परिणाम गलत निकल गये तो फिर नैतिकता का क्या होगा। इस बारे में चिंतन करने की जरूरत है।

ईवीएम से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि इसमें कहीं कोई गड़बड़ी नहीं है। ईवीएम की तुलना पेजर से करने पर उन्होंने कहा कि ईवीएम कहीं भी पेजर की तरह बाहर कनेक्टेड नहीं होता है। ईवीएम से किसी भी स्तर पर छेड़छाड नहीं की जा सकती है और इससे संबंधित छेड़छाड़ की खबरें निराधार हैं। ईवीएम की हर स्तर पर जांच की जाती है, इसलिए इसमें कहीं भी गड़बडी किये जाने की संभावना बिल्कुल नहीं है।

उन्होंने कहा कि ईवीएम को लेकर हाल में ही उन्हें 20 शिकायतें मिली हैं और आयोग हर शिकायत का जवाब देगा। सारे जवाब लिखित में दिये जाएंगे।

# झारखंड में दो चरणों में होंगे विस चुनाव : 13 एवं 20 नवंबर को होगा मतदान, 23 नवंबर को मतगणना

### चुनावी बिगुल बजा

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 की तारीखों का ऐलान कर दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को नयी दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुनाव की घोषणा करते हुए बताया कि झारखंड में दो चरणों में चुनाव होंगे। पहले चरण में 13 नवबंर को 43 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जायेंगे जबकि दूसरे चरण में 20 नवंबर को 38 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जायेंगे। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

चुनाव आयोग ने झारखंड में चुनाव के साथ-साथ महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की भी घोषणा की। महाराष्ट्र में एक चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा। यहां 288 सीटों पर चुनाव होगा। इसके अलावा चुनाव आयोग ने अन्य राज्यों की 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर भी उपचुनाव कराये जाने की घोषणा की।

| पहला चरण | दूसरा चरण |
|---|---|
| 13 नवंबर 2024 | 20 नवंबर 2024 |
| 43 विधानसभा सीट | 38 विधानसभा सीट |

मतगणना : 23 नवंबर

| | |
|---|---|
| कुल विस सीटें | 81 |
| कुल मतदाता | 2.6 करोड़ |
| मतदान केंद्र | 29562 |
| सामान्य सीट | 44 |
| आरक्षित (एससी) | 9 |
| आरक्षित (एसटी) | 28 |




**पहले चरण में इन विस सीटों पर होंगे मतदान** : झारखंड में पहले चरण में 43 विधानसभा सीटों पर चुनाव होंगे। इनमें कोडरमा, बरकट्टा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसांवा, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, विशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटेनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर विधानसभा शामिल है।

**दूसरे चरण में यहां डाले जायेंगे वोट** : दूसरे चरण में 38 विधानसभा सीटों पर चुनाव होंगे। इनमें राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, देवघर, पौड़ेयाहाट, गोड्डा, महगामा, रामगढ़, मांडू, धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी, बाघमारा, सिल्ली और खिजरी विधानसभा शामिल है।

### 29562 मतदान केंद्रों पर 2.6 करोड़ करेंगे वोट

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि झारखंड में कुल वोटर 26043703 हैं। इसमें पुरुष वोटर 13144236, महिला 12899019 तथा थर्ड जेंडर 448 हैं। दिव्यांग वोटर्स 367825 हैं। 18-19 आयु वर्ग के 1184150 जबकि 85+ वोटर्स 113970 हैं। पोलिंग स्टेशन की संख्या 29562 है। वहीं पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 11.84 लाख है।

## महाराष्ट्र में एक चरण में 20 नवंबर को वोटिंग, काउंटिंग 23 नवंबर को

■ आयोग ने 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की भी घोषणा की

**रांची।** भारत चुनाव आयोग ने झारखंड के साथ-साथ महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव के तारीखों का भी ऐलान किया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र में एक चरण में 20 नवंबर को 288 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जायेंगे। महाराष्ट्र और झारखंड में एक साथ 23 नवंबर को मतगणना होगी। इसके अलावा चुनाव आयोग ने अन्य राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की भी घोषणा की। इसमें 47 विस सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव के लिए वोट डाले जायेंगे जबकि उत्तराखंड के केदारनाथ विस सीट पर 20 नवंबर को वोटिंग होगी।

**केरल की वायनाड लोस सीट पर 13 को वोटिंग** : वहीं केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर 13 नवंबर को वोट डाले जायेंगे और महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर 20 नवंबर को उपचुनाव होंगे। उपचुनाव की मतगणना भी 23 नवंबर को ही होगी। चुनाव की घोषणा करते हुए चुनाव आयुक्त कहा कि आयोग ने सोशल मीडिया पर अफवाहों को रोका है।

## 100 करोड़ रुपये की हेराफेरी मामले में एसआइटी ने कई लोगों से की पूछताछ

**रांची।** झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, (जेटीडीसी), झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और झारखंड ऊर्जा उत्पाद निगम लिमिटेड के खाते से करीब 100 करोड़ रुपये की हेराफेरी के मामले में एसआईटी ने एटीएस कार्यालय में मंगलवार को कई लोगों से पूछताछ की। इस मामले में एटीएस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**100 करोड़ रुपये की निकासी का आरोप :** पकड़े गए सभी लोगों पर झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के खाते से 10.40 करोड़ रुपये, झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के खाते से 65.50 करोड़ रुपये और झारखंड उर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के खाते से 40.50 करोड़ रुपए की निकासी का आरोप है।

बता दें कि डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश पर एटीएस एसपी ऋषभ कुमार झा के नेतृत्व में गठित एसआइटी का गठन किया गया है।

## वरुण बनाये गये रांची के उपायुक्त

**रांची।** राज्य सरकार ने रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को बदल दिया है। उनकी जगह वरुण रंजन रांची के नए डीसी बनाये गये हैं। कुछ दिन पहले ही राहुल सिन्हा को हटाकर मंजूनाथ भजंत्री को रांची डीसी बनाया गया था, लेकिन मंगलवार को उन्हें भी हटाकर वरुण रंजन को रांची डीसी बनाया गया। बताते चलें कि रांची डीसी के पद पर पदस्थापित होने के कुछ दिन बाद चुनाव आयोग ने मंजूनाथ भजंत्री को डीसी बनाए जाने पर आपत्ति जतायी थी। अब मंजूनाथ भजंत्री को जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है जबकि मृत्युंजय वर्णवाल को मनरेगा आयुक्त बनाया गया है।

### नये डीसी वरुण रंजन ने पदभार ग्रहण किया



रांची के नये डीसी वरुण रंजन ने मंगलवार को ही पदभार ग्रहण कर लिया। वरुण ने निवर्तमान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से पदभार लिया। वरुण रंजन 2014 बैच के अधिकारी हैं। बता दें कि वरूण रंजन इससे पहले धनबाद के डीसी थे, पीएम मोदी के कार्यक्रम में ड्यूटी के दौरान कोताही बरतने पर उन्हें हटा दिया गया था।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, बोले- बकाया राशि हमारा हक, हम लेकर रहेंगे



### सीएम ने पत्र में लिखा है कि.....

#### बकाया राशि का विवरण

कुल बकाया राशि लगभग 1,36,042 करोड़ रुपये है। इसमें शामिल हैं: वॉश्ड कोयला रॉयल्टी के रूप में 2,900 करोड़ रुपये, पर्यावरण मंजूरी सीमा के उल्लंघन के लिए 32,000 करोड़ रुपये, भूमि अधिग्रहण मुआवजे के रूप में 41,142 करोड़ रुपये (38,460 करोड़ रुपये जीएम भूमि और 2,682 करोड़ रुपये जीएमएलएल भूमि के लिए)। इस पर लगी सूद की रकम 60,000 करोड़ रुपये, कुल 1,36,042 करोड़ रुपये।

#### विकास पर प्रभाव

इस बकाया राशि के कारण, हमारे राज्य में अनेक महत्वपूर्ण विकास परियोजनाएं प्रभावित हुई हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला और बाल विकास, स्वच्छ पेयजल एवं मंईयां, बच्चों, युवा, वृद्ध, किसान, मजदूर, आदिवासी-मूलवासी, दलित, अल्पसंख्यक, विस्थापित एवं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों तक योजनाओं को लागू करने में कठिनाई हो रही है। झारखंड, एक अल्प विकसित राज्य है, जो संसाधनों की कमी से गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। संसाधनों की कमी को पूर्ण करने के लिए उपरोक्त राशि अत्यंत आवश्यक है।

#### न्यायिक निर्णय

सर्वोच्च न्यायालय की नौ सदस्यीय पीठ ने राज्य के पक्ष में फैसला दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि खनन और रॉयल्टी शुल्क वसूलने का अधिकार राज्य को है। यह भी कहा गया है कि रॉयल्टी एक कर नहीं है और इसलिए इस पर कोई सीमा नहीं लगायी जा सकती।

#### हमारा अनुरोध

मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप इस मामले में हस्तक्षेप करें और कोयला कंपनियों को बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दें। जब तक पूरी राशि का भुगतान नहीं हो जाता, कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों को ब्याज राशि का भुगतान करना चाहिए या कोल इंडिया के खाते से राज्य के खाते में सीधे क्रेडिट किया जाना चाहिए। यह राशि झारखंड के लोगों के कल्याण और राज्य के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

#### समाधान का आग्रह

हम आपसे आग्रह करते हैं कि इस मुद्दे का शीघ्र समाधान किया जाये ताकि झारखंड के लोग विभिन्न सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं का लाभ उठा सकें। यह न केवल राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि गरीबी उन्मूलन और लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए भी आवश्यक है। हम आपके सकारात्मक हस्तक्षेप और त्वरित कार्रवाई की आशा करते हैं। इसके लिए झारखंड के लोगों की ओर से, मैं आपका सदैव आभारी रहूगा।

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है, जिसमें कोयला कंपनियों से लंबित 1.36 लाख करोड़ रुपये की मांग की गयी है। उन्होंने कहा है कि वह राज्य के लिए स्पेशल बजट की मांग नहीं कर रहे हैं, बल्कि उचित बकाये की मांग कर रहे हैं। उनका दावा है कि इस लंबित रकम के कारण झारखंड के विकास को काफी क्षति हो रही है। सोरेन ने पत्र को 'एक्स' पर पोस्ट किया है और लिखा है कि यह बकाया राशि हमारा हक है... झारखंड किसी विशेष बजट की मांग नहीं कर रहा है। हम सिर्फ अपने हक की बात कर रहे हैं जिसे हम हर हाल में लेकर रहेंगे।

## दो चरणों में चुनाव कराने का स्वागत : बाबूलाल

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा झारखंड में दो चरणों (13 और 20 नवंबर) में विधानसभा चुनाव कराये जाने के फैसले का भाजपा ने स्वागत किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी समेत अन्य नेताओं ने यह भी उम्मीद जतायी है कि राज्य में सरकार बदलेगी। बाबूलाल ने एक्स पर लिखा है कि चुनाव आयोग द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा का वे स्वागत करते हैं। बीते 5 सालों में बेरोजगारी, घुसपैठ, अपराध, भ्रष्टाचार, कुशासन, तुष्टिकरण, दलित-आदिवासी-पिछड़े समाज का



उत्पीड़न और झामुमो कांग्रेस राजद के जंगलराज से त्रस्त झारखंड की जनता-जनार्दन अब परिवर्तन चाहती है। यह चुनाव झारखंड की रोटी, बेटी और माटी की अस्मिता को बचाने का चुनाव है। यह चुनाव आदिवासी समाज के अस्तित्व को घुसपैठियों से बचाने का चुनाव है। यह चुनाव युवा साथियों को नौकरी, रोजगार और न्याय दिलाने का चुनाव है। यह चुनाव झारखंड के गरीब, किसान, महिलाओं को उनका हक दिलाने का चुनाव है। यह चुनाव झारखंड को बचाने का चुनाव है। बाबूलाल ने विश्वास जताते कहा है कि इस विधानसभा चुनाव में झारखंड के मतदाता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत देकर लोक कल्याणकारी सरकार बनायेंगे।

अमर बाउरी ने कहा है कि झारखंड की अत्याचारी झ महा भ्रष्ट झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के विदाई की अंतिम गिनती शुरू हो चुकी है। दो चरणों में चुनाव का यह निर्णय स्वागत योग्य है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड चुनाव की घोषणा पर कहा कि चुनाव आयोग ने झारखंड में दो चरणों में चुनाव कराने का बहुत अच्छा फैसला लिया है। हमें पूरा भरोसा है कि इस चुनाव से झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार की लूट और भ्रष्टाचार का अंत होगा। चुनाव आयोग की इस घोषणा से झारखंड मुक्ति मोर्चा को झटका लगा है। हम चुनाव आयोग के इस फैसले का स्वागत करते हैं।

## जेएमएम-कांग्रेस सरकार धोखेबाजों की सरकार है : हिमंता बिस्वा सरमा

कहा-चुनाव के बाद हेमंत सरकार ने 2500 रुपये देने का झांसा दिया है

**रांची।** हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 14 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 29 प्रस्तावों की स्वीकृति मिली है। इसमें मंईयां सम्मान योजना की राशि में बड़ी वृद्धि की गयी है। इसके तहत अब लाभार्थियों को दिसंबर



महीने से 1000 की जगह 2500 रुपये दिये जायेंगे। इस पर असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने कहा कि झारखंड की झामुमो-कांग्रेस सरकार धोखेबाजों की सरकार है। उन्होंने कहा कि पांच साल सत्ता में रहने के बाद अब सरकार चुनाव के बाद गरीबों को पैसे देने की बात कर रही है। झारखंड की जनता जल्द ही तय करेगी कि उन्हें मोदी की सरकार चाहिए या झामुमो-कांग्रेस की सरकार। हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा है "झारखंड की जेएमएम-कांग्रेस सरकार धोखेबाजों की सरकार है। पांच साल सत्ता भोगने के बाद वे कह रहे हैं कि चुनाव के बाद गरीबों को ?2500 देंगे।

न्यूज़ अपडेट

## आदित्यपुर से अवैध बालू ले जाते दो वाहन जब्त, एक गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर पुलिस ने सोमवार की रात अवैध बालू खनन के खिलाफ अभियान चलाकर दो वाहनों को जब्त किया है। यह कार्रवाई खनन विभाग और एसपी के निर्देश पर हुई है। थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस लगातार अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है. फिर भी अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है. जिले में बालू घाटों से अवैध बालू खनन का खेल जारी है. इस क्रम में सोमवार की रात आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भाटिया बस्ती और आरआईटी मोड़ से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर और एक टाटा 407 जब्त किया गया है। हालांकि एक वाहन का चालक भागने में सफल रहा, लेकिन दूसरा चालक पकड़ लिया गया है। आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर छापामारी करते हुए थाना क्षेत्र के भाटिया बस्ती व आरआईटी मोड़ के पास से एक ट्रैक्टर और एक टाटा 407 गाड़ी को जब्त किया है. गुप्त सूचना मिली कि एक ट्रैक्टर और टाटा 407 गाड़ी बिना चालान का बालू ले जा रहा है. इस सूचना के बाद भाटिया बस्ती के पास दोनों गाड़ियों को रोका गया. इसके पूर्व ही गाड़ी चालक पुलिस को देखते ही भागने लगे, जिसमें एक चालक को दबोच लिया गया है और दूसरा भागने में सफल रहा. दोनों गाड़ियों को थाना लाया गया. पुलिस अवैध खनन का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## बन्ना ने किया 65 योजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन व शिलान्यास



**जमशेदपुर।** मंगलवार को मंत्री बन्ना गुप्ता ने विधायक निधि की कुल 65 योजनाओं, जिनकी कुल प्राक्कलित राशि (एक करोड़ 62 लाख 37 हजार 950 रुपये) है, का रांची से ऑनलाइन उद्घाटन व शिलान्यास किया। जिसमें मानगो नगर निगम अन्तर्गत 53 योजनाएं (एक करोड़ 10 लाख 3 हजार 50 रुपये) एवं जमशेदपुर अक्षेस अन्तर्गत 12 योजनाएं (52 लाख 34 हजार 900 रुपये) का ऑनलाइन उद्घाटन व शिलान्यास शामिल हैं। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा क्षेत्र को समस्या विहीन करना पहली प्राथमिकता है। क्षेत्र की जनता, माताओं-बहनों की सहूलियत और उनकी ज्वलंत समस्याओं को ध्यान में रखते हुए क्रमवार समस्यायों का निदान किया जा रहा है। जमशेदपुर पश्चिम विधान सभा क्षेत्र की सड़कों पर यातायात के अतिरिक्त भार को देखते हुए सड़कों के चौड़ीकरण, पेवर ब्लॉक, नाला निर्माण, स्ट्रीट लाइट के साथ-साथ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रभात ठाकुर, बबुआ झा, संजय तिवारी, माजिद अख्तर, बिलाल गुफरानी, जितेंद्र सिंह, दिनेश पोद्दार, संजीव झा, बिशु, मनोज भगत, धनु महतो, आगेस्टिंग विल्सन, कृष्ण शर्मा, राज कुमार दास, बाबू प्रमाणिक, राजा मंडल, धनु महतो, राजू मल्लिक आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## साकची थाना शांति समिति की ओर से नए थानेदार आनंद कुमार मिश्रा को स्वागत किया गया

**जमशेदपुर।** साकची थाना शांति समिति द्वारा साकची थाना परिसर में नए थाना प्रभारी श्री आनंद कुमार मिश्र को बुक्के एवं शाल देकर स्वागत किया गया। तथा निवर्तमान थाना प्रभारी श्री संजय कुमार को भी बुक्के एवं शाल देकर सासम्मान विदाई दी गई। इसके अलावा सी०सी०आर० डीएसपी श्री मनोज ठाकुर को भी बुक्के एवं शाल देकर उनका स्वागत किया गया। श्री संजय कुमार के कार्यकाल की सभी शांति समिति सदस्यों ने सराहना की तथा नए प्रभारी श्री आनंद कुमार मिश्रा को शांति समिति द्वारा आश्वस्त किया गया की शांति समिति हर कार्य में पूर्ण रूप से आपका सहयोग करेगी। सम्मानित करने वालों में सरदार परमजीत सिंह काले, सोनू राजा खान, अंकित जवानपुरीया, जूस्को लैंड डिपार्मेंट के श्री राजीव कुमार, तेज प्रताप पांडे, सरदार हरविंदर सिंह, सुनील कुमार देबुका, विकास दुबे, मनीष कुमार शर्मा, मुन्ना खान, कमर भाई, शांतनु बोस, संजीव कुमार वर्मन आदि शामिल थे।




## प्रखंड विकास पदाधिकारी के पदभार ग्रहण करने पर पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर सुमित प्रकाश को पदभार ग्रहण करने पर पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता एवं समाजसेवी भोला झा संयुक्त रूप से पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किए।

प्रखंड विकास कार्यालय में वीडियो के पद पर पदभार ग्रहण करने के पश्चात पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने जमशेदपुर प्रखंड में विकास से संबंधित कई मुद्दों पर वार्ता किए। पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने अधूरे बड़े विकास के कार्यों को पुरा करने सहित विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मैया योजना पेंशन को अभिलंब पूर्ण कर हर लाभुको तक इसका लाभ पहुंचने का भी आग्रह किए। मैया योजना में कई सारी त्रुटियो को दूर करने की बात भी कहे है।

सारी बातों से अवगत होकर नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमित प्रकाश सिंह ने अधूरे पड़े विकास के कार्यों को जल्द पूरा करने एवं लंबित विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मैया योजना में हो रही त्रुटि को दूर करने का आश्वासन दिए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि एवं स्थानीय लोगों के तालमेल से क्षेत्र का विकास करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है।

विदित हो कि निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी सुधा वर्मा के तबादला होने पर सुमित प्रकाश जमशेदपुर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर पदभार ग्रहण किए हैं। इसके पहले सुमित प्रकाश धालभूम कार्यपालक दंडाधिकारी के पद पर थे।

# सरायकेला से चंपई, घाटशिला से बाबूलाल सोरेन तो गणेश महाली, रमेश हांसदा, लक्ष्मण टुडू कहां से लड़ेगे चुनाव

### कोल्हान के भाजपा नेताओं में टिकट को लेकर असमंजस की स्थिति



**जमशेदपुर (शंकर अग्रवाल)।**

कोल्हान में भाजपा आलाकमान को टिकटों के बंटवारे में खासा माथापच्ची करनी पड़ रही है. एक तरफ तो सरायकेला से चंपाई सोरेन को टिकट मिलना तय है लेकिन खरसावां से कौन उम्मीदवार होगा यह तय नहीं है. दो बार के प्रत्याशी रहे गणेश महाली ने चंपाई सोरेन के भाजपा में आने के बाद खरसावां से दावा ठोका है. लेकिन खरसावां से पहले से ही टिकट की दावेदारी करने वालों की लंबी फेहरिस्त है. ऐसे में भाजपा नेताओं में टिकट को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वहीं झामुमो से टिकट की आस में भाजपा में आए रमेश हांसदा क्या करेंगे यह तय नहीं है. इधर घाटशिला से भी लक्ष्मण टुडू को टिकट मिलने पर भी असमंजस स्थिति है, पिछली बार उनकी सीटिंग विधायकी होने के बावजूद टिकट कट गई थी और भाजपा को यह सीट गंवानी पड़ी थी. इस बार भी चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन घाटशिला से टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। चंपाई सोरेन के भाजपा में जाने से पूरे कोल्हान का सियासी समीकरण तो बदला ही, सरायकेला सीट का राजनीतिक गणित सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है. इस विधानसभा सीट से चंपाई सोरेन झामुमो में रहते पिछले चार विधानसभा चुनाव से लगातार जीत रहे हैं, हालांकि यहां वे कभी बड़े अंतर से चुनाव नहीं जीत पाए हैं. भाजपा के गणेश महाली दो विधानसभा चुनाव में चंपाई के लिए बड़ी चुनौती बने रहे. वर्ष 2014 के चुनाव में चंपाई यहां महज 1115 वोटों से महाली से चुनाव जीते थे, 2019 के चुनाव में अंतर बढ़ा, लेकिन इतना नहीं कि आसान जीत कहा जा सके. इस चुनाव में चंपाई ने 15667 की लीड से गणेश महाली को हराया था. अब चंपाई के भाजपा में जाने से परिस्थितियां बदल गई है. इससे कहा जा रहा है कि अपने राजनीतिक जीवन में चंपाई ने जिन भाजपा नेताओं के खिलाफ प्रचार किया और चुनाव में हराया, उन्हें ही अपनी राजनीतिक गाड़ी बढ़ाने को सारथी बनाना होगा. इनमें गणेश महाली से लेकर लक्ष्मण टुडू जैसे नाम शामिल होंगे. बता दें कि वर्ष 2009 में भाजपा के लक्ष्मण टुडू से चंपाई 3246 वोट से जीते थे तो 2005 में लक्ष्मण टुडू से ही महज 882 वोट के अंतर से जीते थे। सरायकेला सीट से चुनाव लड़ने के लिए तीन भाजपा नेता जमीन तैयार करने में दिन रात जुटे थे. इनमें दो बार भाजपा प्रत्याशी रहे गणेश महाली समेत रमेश हांसदा व लक्ष्मण टुडू शामिल हैं. रमेश पहले झामुमो में ही थे. झामुमो के जिलाध्यक्ष भी रहे, लेकिन चंपाई से अदावत के कारण रमेश झामुमो छोड़ भाजपा इसी लक्ष्य के साथ आए थे कि सरायकेला से चंपाई को हराकर ही दम लेंगे. अब चंपाई के भाजपा में आने से स्थिति अलग हो गई है. लक्ष्मण टुडू भी यहां दावेदारी की तैयारी में थे, क्योंकि वे सरायकेला से दो बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं. बता दें कि सरायकेला में लोकसभा चुनाव में मतों का गणित बदल गया था. झामुमो की सिंहभूम से उम्मीदवार जोबा माझी सरायकेला विधानसभा सीट से भाजपा की गीता कोड़ा से 20285 वोटों से पिछड़ गई थीं। वह भी तब जब राज्य में झामुमो की सरकार में खुद चंपाई सोरेन मुख्यमंत्री थे. सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से चंपाई सोरेन अपनी लोकसभा प्रत्याशी को बढ़त नहीं दिला सके. उस समय सरायकेला में भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा को 1 लाख 18 हजार 773 मत मिले, जबकि इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को 98 हजार 488 मत मिले थे। कुल मिलाकर कहा जा रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पर भगवा रंग चढ़ने से अब उनके करीबी रहे झामुमो नेताओं में भी असमंजस की स्थिति है. उनके पास या तो खुद भी भाजपा में जाने का विकल्प है या फिर झारखंड मुक्ति मोर्चा में बने रहने का, लेकिन इन सबके बीच इस बात की भी आशंका उन्हें सता रही है कि झामुमो में रहने पर कहीं उन्हें चंपाई के करीबी होने का टैग पार्टी में अलग-थलग न कर दे. ऐसे में अभी उनके करीबी वेट एंड वॉच की स्थिति में बने हुए हैं। वही झामुमो सरायकेला के जिला अध्यक्ष डॉ. शुभेंदु महतो का कहना है कि झारखंड में झामुमो प्रशिक्षण संस्थान है, जो अपने यहां नेता तैयार करती है. इसलिए किसी भी नेता के पार्टी छोड़ने पर झामुमो को कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है।

## केसीसी में बौद्धिक विकास के लिए रिसर्च डिजर्टेशन लिखने पर कार्यशाला आयोजित

**जमशेदपुर।**




आज करीम सिटी कॉलेज के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा रिसर्च डिजर्टेशन लिखने पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में अर्का जैन विश्वविद्यालय में शोध विभाग की प्रोफेसर तथा अध्यक्ष डॉ. सोनिया रियात शामिल हुईं। कार्यशाला का संचालन आईटी के छात्र शफक ने किया। यह कार्यक्रम करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज के प्रोत्साहन के तहत आयोजित किया गया था। उन्होंने छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए इस तरह की पहल के महत्व पर जोर दिया। समन्वयक डॉ. अनवर शहाब ने स्वागत भाषण दिया और कार्यशाला की शुरुआत की। डॉ. रियात ने एक प्रभावी रिसर्च डिजर्टेशन तैयार करने के लिए आवश्यक विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर किया। मुख्य चर्चाओं में क्रमशः प्रतिक्रियाओं का संकलनः- डेटा एकत्र करने और व्यवस्थित करने के लिए सर्वोत्तम अभ्यास। शोध पत्र प्रस्तुतिः- शोध निष्कर्षों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की रणनीतियाँ। योजना और नमूनाकरणः- उचित नमूनाकरण और विभिन्न नमूनाकरण योजनाओं का महत्व। सांख्यिकीय और विश्लेषण उपकरणः- शोध में आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले सांख्यिकीय उपकरणों और विश्लेषण तकनीकों का अवलोकन। निष्कर्ष और सिफारिशेंः- शोध परिणामों की व्याख्या कैसे करें और कार्रवाई योग्य सिफारिशें सुझाएँ। प्रारूपण का महत्वः- शोध प्रबंध लिखते समय विशिष्ट प्रारूपों का पालन करने की आवश्यकता शामिल थे। इसके अतिरिक्त कार्यशाला ने साहित्य की समीक्षा, विभिन्न प्रकार के शोध और सामान्य त्रुटियों के बारे में जानकारी प्रदान की। जिनसे छात्रों को अपने शोध प्रबंध लेखन में बचना चाहिए। प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने बहुत सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रो. सोनिया ने नई चीजें सीखने के लिए उत्सुक अनुशासित और सुसंस्कृत छात्रों की सराहना की। इस कार्यक्रम को अच्छी प्रतिक्रिया मिली, जिससे छात्रों को सफल शोध प्रयासों के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस किया गया। कार्यशाला का आयोजन आईटी विभाग की प्रो. रत्ना पांडे और प्रो. कंचन बाला के कुशल मार्गदर्शन में किया गया।

## मुकेश मित्तल ने टाटा ट्रस्ट के नए अध्यक्ष नोएल टाटा को दी बधाई

**जमशेदपुर।**



पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष एवं सिंहभूम चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश मित्तल ने महान रतन टाटा के निधन पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए, टाटा ट्रस्ट के अध्यक्ष बनने पर नोएल टाटा को बधाई दी। मुकेश मित्तल ने नोएल टाटा को लिखे अपने पत्र में बताया कि रतन टाटा की कमी सिर्फ़ टाटा समूह को ही नहीं बल्कि पूरे देश को महसूस हुई है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व, उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और गहरी मानवता ने भारत के कॉर्पोरेट परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है। मित्तल ने आगे लिखा कि रतन टाटा जी सिर्फ़ एक व्यवसायी नहीं थे; वे एक सच्चे स्टेट्समैन थे। उनकी अभिनव भावना और सामाजिक ज़िम्मेदारी की शक्ति ने टाटा समूह को एक वैश्विक शक्ति में बदल दिया। उनकी विरासत व्यावसायिक सफलता से कहीं आगे तक फैली हुई है; वे लाखों लोगों के लिए एक सच्ची प्रेरणा थे, एक परोपकारी व्यक्ति थे, जिन्होंने अनगिनत लोगों के जीवन को छुआ। साथ ही, मुकेश मित्तल ने टाटा ट्रस्ट के अध्यक्ष बनने पर नोएल टाटा को बधाई भी दी। मित्तल ने लिखा कि टाटा समूह के साथ नोएल टाटा का जुड़ाव और इसके मूल्यों की गहरी समझ, नोएल टाटा को एक योग्य उत्तराधिकारी बनाती है। हमें पूरा विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन में टाटा समूह आगे बढ़ता रहेगा एवं भारत की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा और टाटा की भूमि जमशेदपुर को इससे निश्चित रूप से लाभ होगा। हम एक महान व्यक्तित्व के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं, साथ ही हमें उम्मीद है कि टाटा समूह आशा, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक बना रहेगा। रतन टाटा जी की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए आपकी प्रतिबद्धता हमारे लिए सांत्वना और प्रेरणा का स्रोत है।

## चोरी की बिजली से सरकारी जमीन पर कब्जा कर बना दिया टीन का शेड

**जमशेदपुर।**



आदित्यपुर के राम मड़ैया बस्ती के पास पुलिस की नाक के नीचे किसी ने करीब एक एकड़ सरकारी जमीन को घेरकर चोरी की बिजली का उपयोग कर एक बड़ा टीन का शेड खड़ा कर दिया है। इसकी शिकायत वार्ड 18 के पूर्व पार्षद रंजन सिंह ने जब सीओ गम्हरिया अरविंद कुमार बेदिया से की तो वे एक्शन में आए और आज मंगलवार की सुबह मौके पर पहुंच कर शेड निर्माण कार्य को रुकवाया। सीओ के मौके पर पहुंचने से पहले ही शेड निर्माण करवा रहे लोग मौके से फरार हो गए थे। शेड निर्माण के लिए बिजली का उपयोग भी चोरी से हो रहा था। बिजली चोरी की सूचना पाकर दोपहर करीब एक बजे बिजली विभाग के कनीय अभियंता संजय महतो भी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और बिजली के उपकरणों को जब्त करते हुए बिजली चोरी का केस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। कनीय अभियंता संजय महतो का कहना हैं कि केस दर्ज होने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। वही सीओ अरविंद कुमार बेदिया का कहना हैं कि इतना बड़ा टीन शेड का निर्माण कराने की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी, जो भी दोषी होगें बख्से नहीं जायेगें। इस संबंध में स्थानीय लोगों का कहना हैं कि खरकई पुल से राधा स्वामी सत्संग मार्ग जाने वाले मार्ग में लोग सरकारी जमीन कब्जा कर कच्चे पक्के निर्माण कराकर उसका कॉमर्शियल उपयोग कर रहे हैं। ऐसे लोग जिला प्रशासन और पुलिस से बेखौफ होकर धड़ल्ले से इस कार्य मे लगे हैं। पूर्व के जो भी अधिकारी रहे हैं उन्होंने इन अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की लिहाजा उनका मनोबल बढ़ता चला गया।

## दिनेश कुमार का बड़ा बयानः झारखंड में दो चरणों में चुनाव का स्वागत, कहा- बनेगी पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार, पूर्वी में लहरायेगा भाजपा का केसरिया ध्वज



**जमशेदपुर।** केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा झारखंड में विधानसभा चुनाव दो चरणों में कराए जाने के निर्णय का भाजपा नेता और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश कुमार ने स्वागत किया है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि यह झारखंड की जनता के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

दिनेश कुमार ने कहा कि, झारखंड की जनता ने मन बना लिया है कि इस बार भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी। जमशेदपुर पूर्वी और राज्य के अन्य हिस्सों में भाजपा की स्थिति मजबूत है। जनता झामुमो, कांग्रेस और राजद के भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से तंग आ चुकी है और अब परिवर्तन का संकल्प ले चुकी है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। ''इस बार झारखंड में भाजपा का केसरिया ध्वज लहराएगा और कमल निशान पूरे राज्य में चमकेगा। झारखंड की जनता ने भाजपा को समर्थन देने का मन बना लिया है,'' दिनेश कुमार ने कहा।

## भारत के विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मिले राजेश शुक्ल

**जमशेदपुर।** झारखंड स्टेट बार कौंसिल के वाईस चेयरमैन और राज्य के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता श्री राजेश कुमार शुक्ल ने पिछले दिनो नई दिल्ली मे भारत के विधि और न्याय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात की और झारखंड के अधिवक्ताओ की कठिनाईयों से उन्हे अवगत कराया।



श्री शुक्ल ने श्री मेघवाल से अपने 1 घंटे के मुलाकात मे अधिवक्ताओं के हित मे पुरे देश मे एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू कराने , और अधिवक्ताओ के सामुहिक बीमा योजना शीघ्र लागू कराने का आग्रह किया। श्री मेघवाल ने आश्वस्त किया की इन सभी मुद्दो पर गंभीरता से कार्य चल रहा है और इसके परिणाम जल्द सामने आयेंगे। श्री मेघवाल ने श्री शुक्ल के अधिवक्ताओ के हित मे लम्बे समय से किए जा रहे प्रयासो की सराहना की और इसी प्रकार अधिवक्ता हित मे कार्य करते रहने का निर्देश दिया। उन्होने श्री शुक्ल को पुर्व के बर्षो मे देश के आठ राज्यो मे अधिवक्ता रत्न से सम्मानित किए जाने पर खुशी जाहिर की और श्री शुक्ल को बधाई दी। श्री शुक्ल ने भारत के विधि और न्याय मंत्री के कई निर्णयो पर खुशी जाहिर करते हुवे उनका आभार जताया और झारखण्ड स्टेट बार कौंसिल मे आने का निमंत्रण दिया।

## एस० आर० रुंगटा जिला क्रिकेट लीग आज से

**संवाददाता।**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित एवं रुंगटा माइंस लिमिटेड द्वारा प्रायोजित 31वीं एस० आर० रूंगटा जिला क्रिकेट लीग कल से स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर प्रारंभ होने जा रहा है। जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पहले बी-डिविजन के मुकाबले खेले जाएंगे जिसके अंतर्गत जिला क्रिकेट संघ से निबंधित कुल 15 क्लबों एवं एक संस्थान को चार ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप-ए में गत वर्ष ए-डिवीजन से रेलेगेट होकर बी-डिविजन में उतरी टाउन क्लब चाईबासा के साथ चक्रधरपुर की शाह स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी, बड़ा जामदा की गोप एवं सिंह क्लब तथा चाईबासा क्रिकेट क्लब को जबकि ग्रुप-बी में गत वर्ष बी-डिविजन की उपविजेता टीम स्टूडेंट क्लब चाईबासा के साथ नेशनल क्रिकेट क्लब बड़ा जामदा, लक्ष्मण गिलुआ क्रिकेट क्लब चक्रधरपुर एवं देवेंद्र माँझी क्रिकेट क्लब चक्रधरपुर को रखा गया है। इसी प्रकार ग्रुप-सी में प्रताप क्रिकेट क्लब चाईबासा, फ्रेंडस क्लब चाईबासा, फेनेटिक क्लब चाईबासा एवं लट्टू उरांव क्रिकेट क्लब चक्रधरपुर को तथा ग्रुप-डी में राइवल क्लव गुवा, एस० आर० रूंगटा ग्रुप चाईबासा, जगन्नाथपुर क्रिकेट क्लब तथा फ्रेंड्स कोल्टस चाईबासा को स्थान दिया गया है।

जिला क्रिकेट संघ द्वारा जारी टाई सीट के अनुसार उद्घाटन मैच में 16 अक्तुबर को चक्रधरपुर के शाह स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी का मुकाबला गोप एवं सिंह क्लब बड़ा जामदा से, 17 अक्तुबर को नेशनल क्रिकेट क्लब बड़ा जामदा का मुकाबला चक्रधरपुर के लक्ष्मण गिलुआ क्रिकेट क्लब से, 18 अक्तुबर को प्रताप क्रिकेट क्लब चाईबासा का मुकाबला फेनेटिक क्लब चाईबासा से तथा 19 अक्तुबर को रायवल क्लब गुवा का मुकाबला जगन्नाथपुर क्रिकेट क्लब से होगा। इसी प्रकार 20 अक्तुबर को प्रताप क्रिकेट क्लब चाईबासा का मुकाबला फ्रेंडस क्लब चाईबासा से तथा 21 अक्तुबर को स्टूडेंट क्लब चाईबासा का मुकाबला देवेंद्र माँझी क्रिकेट क्लब चक्रधरपुर से, 23 अक्तुबर को टॉउन क्लब चाईबासा का मुकाबला गोप एवं सिंह क्लब बड़ा जामदा से तथा 24 अक्तुबर को रायवल क्लब गुवा का मुकाबला फ्रेंडस कोल्टस चाईबासा से होगा। जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार सिंह ने बताया कि मैच की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है तथा बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम उद्घाटन मैच के लिए सजधज कर पूर्णतः तैयार है। उन्होने बताया कि बी-डिविजन के सारे मुकाबले ग्रुप लीग के आधार पर तीस-तीस ओवरों के खेले जाएंगे। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहनेवाली दो टीमें क्वार्टर फाईनल में प्रवेश करेगी जहाँ से सारे मुकाबले फिर नॉक आउट आधार पर खेले जाएंगे। बी-डिविजन का पहला सेमीफाईनल 27 नवंबर को, दूसरा सेमीफाईनल 28 नबंवर को तथा फाईनल मैच रविवार 1 दिसम्बर को खेला जाएगा।

जिला क्रिकेट संघ के महासचिव ने बताया कि इस प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2023 बैच के परीवीक्षाधीन आई० ए० एस० अधिकारी सह सहायक समाहर्ता अर्नव मिश्रा करेंगे।

## न्यूज़ अपडेट

### टाटा-जम्मूतवी को भोडवाल मजरी स्टेशन पर ठहराव

**जमशेदपुर, एजेंसी।** यात्री सुविधा में टाटानगर-जम्मू एक्सप्रेस और संबलपुर-जम्मू एक्सप्रेस को 22 अक्तूबर से 22 नवंबर तक हरियाणा स्थित भोडवाल मजरी स्टेशन पर ठहराव मिला है। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से दोनों ट्रेनों के ठहराव को लेकर पत्र जारी हुआ है। रेलवे के अनुसार, दोनों ट्रेनें अप-डाउन में दो मिनट तक भोडवाल मजरी स्टेशन पर रुकेगी। जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने भोडवाल मजरी स्टेशन पर ठहराव की मांग पर रेलवे को पत्र दिया था।

### ट्रेन से हाथी के बच्चे की मौत पर दो लोको पायलट गिरफ्तार

**जमशेदपुर, एजेंसी।** मालगाड़ी की चपेट में आकर हाथी के बच्चे की मौत के बाद टाटानगर के दो लोको पायलट मनोज कुमार और कविराज कुमार को ओडिशा वन विभाग ने गिरफ्तार कर लिया। इससे मंडल के लोको पायलट आक्रोशित हो गए और राउरकेला-बंडामुंडा के लॉबी पर धरना दिया। मालूम हो कि बीते रात चक्रधरपुर रेल मंडल के बंडामुंडा ए केबिन के निकट मालगाड़ी की चपेट में आने से एक हाथी के बच्चे की मौत हुई है। इससे रात में हावड़ा-मुंबई रेलमार्ग पर आधा दर्जन ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित हुआ। इधर, गिरफ्तार लोको पायलट को रिहा कराने कई रेल अधिकारी चक्रधरपुर से बंडामुंडा गए हैं।

### जूनियर डॉक्टर ने ओपीडी बंद कराया, मरीजों का हंगामा

**जमशेदपुर, एजेंसी।** एमजीएम अस्पताल में मंगलवार को जूनियर डॉक्टरों ने ओपीडी सेवा बाधित कर दी जिससे नाराज होकर मरीज ने हंगामा किया। कोलकाता में मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ गैंगरेप और हत्या के बाद चल रहे विरोध प्रदर्शन के समर्थन में झारखंडी के भी सभी मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार को भूख हड़ताल किया है। डाक्टरों ने एमजीएम के सेंट्रल रजिस्ट्रेशन काउंटर को बंद कर दिया। जिसके कारण मरीज नाराज हो गए और जमकर हंगामा किया। मरीजों का कहना था कि यहां आए दिन अस्पताल में इस तरह बंद करना मरीज को परेशान करना है। जूनियर डॉक्टरों को अपनी मांगों को पूरा करना है तो उचित मंच पर जाएं ना कि मरीजों को परेशान करें।

### महुदा में जमुनिया नदी पर पुल का शिलान्यास

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिला ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की ओर से महुदा की लोहपिट्टी पंचायत की अंधारी बस्ती के समीप जमुनिया नदी उच्च स्तरीय पुल का शिलान्यास सोमवार को हुआ। सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो ने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। जिप प्रतिनिधि राजू महतो ने बताया कि पुल के निर्माण पर 6 करोड़ रुपए लागत आएगी। इस पुल के बनने से महुदा, तेलमच्चो आदि क्षेत्र के लोगों को दुगदा, चन्द्रपुरा जाने में काफी सुविधा होगी। सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो ने कहा कि पहले लोगों को चंद्रपुरा जाने के लिए बहुत दूर से घूमकर जाना पड़ता था। मौके पर मुखिया सुनीता देवी, नारायण महतो, टेकलाल महतो, दिलिप साव, विजय दास, देवानंद सिंह, उत्तम सिंह, बीरू साव, भरत गोप, दीपक सिंह, भरत महतो आदि मौजूद थे।

### धनबाद में ईसीआरकेयू चुनाव की तैयारी शुरू

**धनबाद, एजेंसी।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन (ईसीआरकेयू) के चुनाव की धनबाद में तैयारी शुरू हो गई है। हाजीपुर महाप्रबंधक मुख्यालय में नामांकन 22 अक्टूबर को दाखिल किया जाएगा। यूनियन ने उक्त तिथि पर रेलकर्मियों की एक विशाल जनसभा करने का निर्णय लिया है। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा सभा को संबोधित करेंगे और ईसीआरकेयू को पुन: बहुमत से जीत दिलाने का आह्वान करेंगे। ईसीआरकेयू के अध्यक्ष डीके पाण्डेय और महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव भी अपने संबोधन में ईसीआरकेयू एवं फेडरेशन के उपलब्धियों को जनसभा में रेलकर्मियों के समक्ष रखेंगे। ईसीआरकेयू के पूर्व अपर महामंत्री बीके सिंह भी रेलकर्मियों को एक मजबूत यूनियन बनाने के लिए ईसीआरकेयू को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए अपनी बात रखेंगे। यह जानकारी ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पीएनएम प्रभारी मो। जियाउद्दीन ने दी।

# गठबंधन के तहत 81 विस क्षेत्र से लड़ेंगे चुनाव: हेमंत सोरेन

**रांची, एजेंसी।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति की बैठक सोमवार को हरमू स्थित सोहराई भवन में दिन के 11 बजे से 7।30 बजे तक चली। इस मैराथन बैठक में सभी विधायक, सांसद, नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। सुबह से शाम तक हुई कई पाली में बैठकों में मंथन का दौर जारी रहा। संध्या 6।15 बजे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बैठक में शरीक होने के लिये सोहराई भवन पहुंचे। उनके पहुंचते ही सारे नेता कार्यकर्ताओं में एक अलग ही जोश आ गया। सुबह से शाम तक चली बैठक का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने ने पहले बंद कमरे में आकलन लिया। दिनभर के मंथन के बाद शाम में जीत का खाका उपस्थित पार्टी समूह के बीच मुख्यमंत्री ने खींचा। जिससे जुटे मजमे में अलग ही खुशी की झलक देखने को मिली। बैठक के बाद बाहर निकलते समय सभी के चेहले खिले नजर आये।

उसके बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आगामी विधानसभा 2024 के चुनाव की तैयारी बैठक सोहराई भवन में सुबह से शाम तक हुई। यह बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति की थी। इस बैठक में सभी



लोग शरीक हुए। आगामी विधानसभा चुनाव की उत्तम तैयारी शुरू करने का निर्देश भी दिया गया है। झामुमो की केंद्रीय समिति का मैं भी सदस्य हूं। इस लिए बैठक में शरीक हूं, और अपनी जिम्मेदारी निभा रहा हूं। यह साल चुनाव का साल है, सीट शेयरिंग के प्रश्न के जवाब में हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार गठबंधन की सरकार है, इस लिए हम समस्त 81 विधानसभा सीट से गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेंगे।

**बीजेपी जुमले करती है और हम करके दिखाते हैं - सरफराज :** राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद ने कहा कि हम लोग चुनाव के लिये पूरी तरह से तैयार हैं। झामुमो की केंद्रीय कमेटी की बैठक सुबह से शाम तक हुई, इसका फलाफल निकाल कर निर्णय लिया जाएगा। हमारी सरकार ने कार्य पूरे किये हैं। बीजेपी की तरह हम जनता को बहलाते नहीं हैं। मंईयां योजना ठीक चुनाव के समय शुरू करने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी को योजना के तहत अधिकार दे रही है, लेकिन महिलाओं को नहीं मिल रहा था, इस पर गौर किया गया और 18 से 49 वर्ष की लड़कियों व महिलाओं को मंइयां योजना का लाभ दिया जा रहा है। बीजेपी की ओर से भी तो गोगो दीदी योजना महिलाओं के लिये है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि एक योजना का लाभ देना और एक योजना आगे शुरू होगी दोनों में बहुत अंतर है। बीजेपी तो बस जुमले करती है, पहले उनकी सरकार भी तो रही है, तो अब याद आ रहा है, इसे क्या कहा जाएगा।

**ये बैठक थी बहुत खास -विनोद :** झामुमो के केंद्रीय महासिचव विनोद कुमार पांडे ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से विस्तारिक बैठक सुबह से रात तक हुई। इस बैठक में सारे सांसद, विधायक, नेता मंत्री शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज की स्टेट कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक इसलिए अहम है कि इस बैठक में संगठनात्मक एकता, गठबंधन को और मजबूती प्रदान करने व पार्टी को धरदार बनाने और आगामी विधानसभा चुनाव में जीत को ले रणनीति तय करने पर मंथन किया गया।

**चुनाव के लिए हम लोग पूरी तरह से हैं तैयार -सुदीप :** गिरिडीह विधायक सुदीप कुमार सोनू ने कहा कि हम लोग चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, चुनाव में कहीं कोई कमियां नहीं हो इसी की आज झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक हुई। हमारा राज्य स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के क्षेत्र में बढ़ रहा है। आगे और भी बेहतर कार्य होंगे।

**विधानसभा चुनाव की तैयारी बैठक है - भूषण :** गुमला विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि यह आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी बैठक है। चुनाव के लिये हम लोग पूरी तरह से तैयार हो गये हैं। आज की इस बैठक में झामुमो के सांसद, विधायक समेत सारे कार्यकर्ता शामिल हुए हैं।

## झरिया में अग्रसेन जयंती पर 17 को निकलेगी भव्य निशान सोभायात्रा



**धनबाद, एजेंसी।** झरिया में अग्रसेन जयंती पर 17 अक्टूबर को भव्य निशान सोभायात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी सोमवार को अग्रसेन भवन में मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से आयोजित प्रेसवार्ता में दी गई। मारवाड़ी सम्मेलन, झरिया के सचिव दीपक अग्रवाल ने बताया कि श्याम मंदिर से शोभायात्रा सुबह 10 बजे निकलेगी और पूरे झरिया का भ्रमण करते हुए अग्रवाल धर्मशाला में समाप्त होगी।

इसके बाद सामूहिक भोज का आयोजन होगा और शाम 5 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि अग्रसेन जी महाराज का जन्म भगवान राम के कुल में 5149 वर्ष पहले अग्रोहा में हुआ था। उनकी शादी नाग कन्या से हुई थी, जिनका नाम महारानी माधवी था। उन्होंने कहा था कि तुम अपने अगल-बगल रहने वालों की चिंता करो, तुम्हे अपनी चिंता करने की जरूरत नहीं है। समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखो। माता लक्ष्मी की कृपा तुम पर हमेशा बनी रहेगी।

उनके बताये मार्ग पर चल कर ही समाज की ओर से स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, मंदिर आदि की स्थापना हुई और उनका संचालन भी बेहतर तरीके से हो रहा है। प्रेसवार्ता में रमेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, विनोद मोदी, विनोद अग्रवाल, सत्यनारायण भोजगढ़िया, महेश जालुका, दीपक अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अनूप लिल्हा आदि मौजूद थे।

## रांची को मिल गए चार और नए थाने, विधानसभा चुनाव से पहले हेमंत सरकार का बड़ा फैसला



### गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी ह

**रांची, एजेंसी।** राज्य सरकार ने रांची में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए चार और यातायात थाने का सृजन किया है। इन चार थानों में पंडरा, खेलगांव, डेली मार्केट व डोरंडा यातायात थाना शामिल हैं।

रांची में पहले से चार यातायात थाने लालपुर, गोंदा, कोतवाली व जगन्नाथपुर में कार्यरत हैं। नए थानों से लोगों को काफी सुविधा होगी।

इस प्रकार रांची में यातायात थानों की संख्या आठ हो गई है। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। इसी तरह लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र के ग्राम बेतर में पुलिस आउट पोस्ट का सृजन किया गया है। इस ओपी के अधीन दो पंचायत बरवाटोली व लाधुप होंगे।

इनमें बरवाटोली पंचायत के गांव बेतर, रोहुम, मुड़मा, बेलंगा, जमुआरी, हेसलांग, टाटा, रूद, बरवाटोली व चिलदिरी तथा लाधुप पंचायत के गांव लाधुप, आरा, कुदरा, गोली, दुधीमाटी, बेलगड़ा, पीरदाग, सेन्हा, हेसला व मनातु गांव शामिल किए गए हैं।

राज्य सरकार ने सिमडेगा थाना व मुफ्फसिल थाना के कार्यक्षेत्र का पुनर्निधारण किया है। इसमें सिमडेगा के सेवई पंचायत के सेवई व सनसेवई गांव को सिमडेगा से मुफ्फसिल थाना से संबद्ध किया गया है।

वहीं, पिथरा पंचायत के पिथरा, रिगड़ी, गुल्डा, मेरोमलोया, बड़कीछापर, जमुनाखैर, तुमडेगी व सेमरबेड़ा को सिमडेगा से मुफ्फसिल थाना के साथ जोड़ा गया है।

तामड़ा पंचायत चिकसुरा, तभाडीह, तामड़ा, कामतारा, कोनसेरा व डाडगुरदा गांव को मुफ्फसिल थाना से हटाकर उसे सिमडेगा थाना से जोड़ा गया है। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

## झारखंड में फिर बजने वाली है विधानसभा चुनाव की रणभेरी, पिछली बार ऐसा था संख्याबल



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा आज यानी कि मंगलवार को होगी। इसी तरफ प्रदेश में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो जाएगा। चुनाव आयोग इस संबंध में दोपहर तीन बजे प्रेस कांफ्रेंस करने वाला है। झारखंड में विधानसभा की 81 सीटें हैं।

पिछली बार यानी कि 2019 में पांच चरणों में झारखंड विधानसभा चुनाव आयोजित हुआ था। इस बार, उम्मीद है कि तीन से चार चरणों में चुनाव हो सकते हैं। बता दें कि 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में महागठबंधन ने भारी बहुमत से जीत दर्ज की थी। हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा को 30 सीटें, कांग्रेस को 16, राजद को एक और बीजेपी को 25 सीटें मिली थीं।

चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य आयोक्त ने अपनी टीम के साथ हाल ही में झारखंड का दौरा भी किया था। इस दौरान सभी राजनीतिक दलों से चुनाव की प्रक्रिया को लेकर सुझाव भी लिया था।

इस दौरान सभी राजनीतिक दलों ने छठ पूजा और राज्य स्थापना दिवस के बाद चुनाव कराने का अनुरोध किया था। साथ ही सभी ने कम से कम चरणों में चुनाव कराने का सुझाव आयोग को दिया था। बता दें कि झारखंड विधानसभा का कार्यकाल नए साल में पांच जनवरी को समाप्त हो रहा है।

## सड़क दुर्घटना में मृत वकील के परिजनों को 50:90 लाख मुआवजा देने का आदेश




**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट ने सड़क दुर्घटना में मृत अधिवक्ता के परिजनों को 50 लाख 90 हजार 176 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने इंश्योरेंस कंपनी बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दी है, जिसमें उसने मोटर दुर्घटना ट्रिब्यूनल के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें इंश्योरेंस कंपनी को सड़क दुर्घटना में मारे गये वकील के परिवार को मुआवजा देने का आदेश दिया गया था।

इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद की कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, एफआईआर, चार्जशीट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए दुर्घटना का तथ्य पर्याप्त रूप से सिद्ध है। इसलिए कंपनी की याचिका खारिज की जाती है।

**अधिवक्ता की पत्नी ने इंश्योरेंस के लिए किया था क्लेम :** बता दें कि वर्ष 2018 में धनबाद के अधिवक्ता अजीत कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। इसके बाद उनकी पत्नी ने बीमा पॉलिसी के तहत इंश्योरेंस के लिए क्लेम किया था। मोटर दुर्घटना ट्रिब्यूनल ने कंपनी को मृतक के परिजनों को मुआवजा भुगतान का आदेश दिया था। मोटर दुर्घटना ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ इंश्योरेंस कंपनी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

## ना खपत बढ़ी, न उत्पादन घटा, फिर भी सब्जियों के दामों में 78 प्रतिशत तक का हुआ इजाफा

**रांची, एजेंसी।** सब्जियों पर महंगाई की मार देखने को मिल रही है। सितंबर में सब्जियों की थोक महंगाई दर 48।73 फीसदी बढ़ गयी है। वहीं आलू और प्याज की कीमतों में 78 फीसदी, जबकि टमाटर की कीमतों में 48 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। खुदरा महंगाई के आंकड़ों ने भी चिंता बढ़ा दी है। यह रिजर्व बैंक के 5 प्रतिशत की सीमा को पार कर गयी है और सब्जियों की महंगाई लगभग 36 प्रतिशत बढ़ी है (अगस्त में यह केवल 10प्रतिशत थी)। सितंबर में खाद्य महंगाई दर बढ़कर 9।24 प्रतिशत तक पहुंच गयी है, जो अगस्त में 5।66 प्रतिशत थी। खुदरा महंगाई के सूचकांक में सब्जियों का योगदान लगभग 7।46 प्रतिशत है।

आमतौर पर यह माना जाता है कि महंगाई किल्लत से बढ़ती है। लेकिन आलू, प्याज, और टमाटर की उपज लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2022 तक पिछले एक दशक में उनकी पैदावार में 63 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। 2022-23 में



भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आलू-टमाटर का उत्पादक है। वहीं भारत प्याज का सबसे बड़ा उत्पादक है। इसके बावजूद सब्जियों पर महंगाई बढ़ती ही जा रही है।आंकड़े बताते हैं कि उपभोक्ताओं के मासिक खर्च में सब्जियों का हिस्सा पिछले एक दशक से 3-4 प्रतिशत पर स्थिर है। कुल उत्पादन का केवल 8।6 प्रतिशत प्याज और 2 प्रतिशत आलू-टमाटर निर्यात होता है। इसका मतलब है कि यह पूरी तरह से घरेलू खपत के लिए होते हैं, फिर भी महंगाई क्यों इतनी अधिक है? थोक व्यापारी भी 32 से 37 पैसे का मुनाफा कमाते हैं और बचे हुए पैसे का हिस्सा रेहड़ी वालों के पास जाता है, जो बड़ी कीमतों को बढ़ाकर बेची न गयी सब्जियों के नुकसान की भरपाई करता है।

सब्जियों के इस आर्थिक चक्र में मौसम का प्रभाव भी महत्वपूर्ण है। इसको संभालने के लिए भंडारण और आपूर्ति के नये उपायों की आवश्यकता है। इस स्थिति में सब्जियों की महंगाई किसान और उपभोक्ता दोनों की जेब काट रही है। तो फिर इस स्थिति का लाभ किसे मिल रहा है? खेती पर राजनीतिक भाषणों और वादों का गुणगान अपना ही महत्व रखता है और जब ये टूटते हैं, तब हमें यह समझ में आता है कि ताजा महंगाई वहां से आ रही है, जहां हम आत्मनिर्भर हैं।

## कैपिटल हिल में लगी मोदीगोल्ड सोने व हीरे के गहनों की प्रदर्शनी

**रांची, एजेंसी।** मोदीगोल्ड' सोने और हीरे की गहनों की आर्ट क्राफ्ट घराने की विशिष्ट प्रदर्शनी सोमवार को कैपिटल हिल में लगाई गई। बता दें कि मोदीगोल्ड ने आशा कमल मोदी और शिवानी मोदी सोनी द्वारा डिजाइन किए विशिष्ट गहनों का संग्रह है। जो पिछले तीन दशकों से आर्ट क्राफ्ट नाम से मशहूर पारम्परिक डिजाइन और केयर शुद्धता के लिए प्रसिद्ध है। 'मोदीगोल्ड' 18 कैरेट एवं 22 कैरेट सोना, हीरे एवं जेवरात के साथ सुन्दरता से बनायी गयी ज्वेलरी है, जो देखने में काफी पुराने जमाने के जेवरों जैसी लगती है। आशाजी द्वारा बॉलीवुड के 10 से अधिक मशहूर फिल्मों में ज्वेलरी का डिजाइन किया गया है, जिसमें पदमावत, बाजीरवा मस्तानी, रामलीला है।

इसके अलावा रानी डायाना, जॉर्डन की महारानी गायत्री देवी एवं यूएइ की राजकुमारी शेख शम्मा के जेवरों की डिजाईन तैयार किया गया है। आशाजी अपनी पुत्री शिवानी के साथ तीन दशकों से ज्वेलरी का डिजाइन कर रही हैं जो 'मोदी गोल्ड' के नाम से प्रसिद्ध है। इस प्रदर्शन में आप उनके उत्कृष्ठ सोना, चांदी तथा हीरा के जेवरात के डिजाइन देखेंगे। इस प्रदर्शनी में सोना, पोलकी, हीरा एवं कीमती बहुमूल्य रत्नों के समागम से बहुत ही खूबसूरती



के साथ बनाया जाता है। 'मोदीगोल्ड' इन्हीं गहनों की एक प्रदर्शनी है जो सामान्यतः पुरानी तस्वीरों एवं एवं किताबों में देखने को मिलती है।

बाजार में उपलब्ध अधिकांश ज्वेलरी एक ही डिजाइन के बार-बार रूपांतरित कर बनाया जाता है किन्तु मोदी गोल्ड में विभिन्न प्राचीन सभ्यताओं में मिलने वाले डिजाइन को ध्यान में रखकर बनायी गयी है। पारखी नजर रखने वालों के लिए आशा मोदी, शिवानी मोदी द्वारा डिजाइन किया हुआ डक्न, मुगल, और यूरोपिय कलाओं से प्रेरित बहुमूल्य जवाहरातों के संग्रह की प्रदर्शनी है जिसे एक बार अवश्य देखना उचित रहेगा। इस प्रदर्शनी में उपलब्ध संग्रह में गले का हार, कान की बालियां, ब्रेसटलेट, बाजूबंध, मांगटीका, अंगुठी, नोजपीन उपलब्ध है जो कि 500 से अधिक डिजाइन में है और इनकी कीमत 50000 से 5 लाख तक के जेवरात बहुत ही आकर्षक दरों पर पेश किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय उद्यमिता एवम् लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड)
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार
उद्यमी लभते सिद्धिम् niesbud
ए-23, सेक्टर-62, (संस्थागत क्षेत्र), नोएडा-201309 (उ0प्र0)
सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT & ENTREPRENEURSHIP

स्वरोजगार हेतु उद्यमिता विकास कार्यक्रम

(अपना व्यवसाय शुरू करने का सुनहरा अवसर)
योग्यता: 18 से 50 वर्ष की आयु वर्ग के बेरोजगार

प्रतिभागियों का चयन दिनांक: 16.10.2024

स्थान- 1. पंचायत भवन सारवा, नरकोपी, रांची, झारखंड- 835301
2. चौधरी मिलन पैलेस के पास, पीपल चौक, तोरपा रोड, खूंटी, झारखंड -835210
3. अलिंगुर पंचायत भवन के पास, कथलटोली, बोलबा, सिमडेगा, झारखंड-835226

सीमित सीटें- 100 प्रति स्थान

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें-
कोर्स निदेशक: मनीष कुमार, मो0: 8826894375
manish@niesbud.gov.in
www.niesbud.nic.in

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार
(आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (संकल्प))

## सुविचार

**अगर किसी चीज़ को दिल से चाहो तो, पूरी कायनात उसे तुमसे मिलाने में लग जाती है!**

# सजग रहे जनता

निर्वाचन आयोग द्वारा महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक दलों के लिए इम्तिहान की एक और घड़ी आ गई है। उन्होंने पांच वर्षों में कितना काम किया, वे जनता की कसौटी पर कितने खरे उतरे ... यह भावी जनादेश से पता चलेगा। इन चुनावों की रणभेरी बजने के बाद एक ओर जहां भाजपा पर उसी करिश्मे को दोहराने का दबाव रहेगा, जो उसने हरियाणा में दिखाया था। वहीं, कांग्रेस के सामने अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरने की चुनौती है। झारखंड में हेमंत सोरेन के लिए राह आसान नहीं होगी। भाजपा उन पर भ्रष्टाचार के मामले को लेकर हमला बोल सकती है, जिसकी वजह से उन्हें इस्तीफा देकर जेल जाना पड़ा था। हालांकि वे न्यायालय से राहत पाकर फिर मुख्यमंत्री बन गए। चुनाव प्रचार के दौरान हर राजनीतिक दल के नेता अपने तरकश से तीर निकालेंगे, जैसा कि हर चुनाव में होता है। इन चुनावों में दलों और नेताओं की तो आजमाइश होगी ही, जनता को भी सजग रहना होगा। हो सकता है कि कुछ नेतागण ज्यादा से ज्यादा तालियां बजवाने और सोशल मीडिया पर छा जाने की कोशिश में असल मुद्दों से भटकाएं, लेकिन जनता को ऐसे पैंतरों से होशियार रहना है। जातिवाद, क्षेत्रवाद, सांप्रदायिकता के जाल में नहीं फंसना है। जो दल सत्ता में हैं, उनके नेताओं से जरूर पूछिए – सरकारी स्कूलों के लिए क्या किया, अस्पतालों के लिए क्या किया, पेयजल जैसी सुविधाएं सबको सुलभ कराने के लिए क्या किया, पुलिस व्यवस्था में क्या सुधार किया, क्या थानों में आम आदमी बेखौफ होकर अपनी व्यथा सुना सकता है, क्या युवाओं को रोजगार मिल रहा है, क्या अपराधियों में कानून का खौफ पैदा हुआ है ...?

भाजपा ने झारखंड के कई इलाकों में बांग्लादेशी घुसपैठियों के बसने के आरोप लगाए हैं। महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों से भी बांग्लादेशियों के पकड़े जाने की खबरें आती रहती हैं। दोनों ही राज्यों के नेताओं से यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि वे घुसपैठियों की पकड़–धकड़ के लिए क्या करने वाले हैं? हर चुनाव में अफवाहों, फर्जी खबरों को हवा देने की कोशिशें होती हैं। अब ऐसी खुराफात करने वालों के पास एआई के तौर पर एक ताकतवर हथियार और आ गया है। इसकी मदद से फर्जी दावे, नकली सबूत गढ़े जा सकते हैं। हो सकता है कि कुछ दिनों बाद सोशल मीडिया पर ऐसी सामग्री जोर–शोर से वायरल होती पाई जाए, जिसमें किसी नेता को वह बयान देता दिखाया जाए, जो उसने कभी दिया ही न हो! ईवीएम के बारे में भी अफवाहें फैलाई जाती हैं, जिनको लेकर खास सावधानी बरतने की जरूरत है। ऐसी सामग्री को शेयर करने से बचें। संबंधित प्लेटफॉर्म पर उसकी शिकायत दर्ज कराएं, ताकि उससे अन्य लोग भ्रमित न हों। इन चुनावों में जनता को एक संकल्प और लेना होगा। इस बार मतदान प्रतिशत जरूर बढ़ना चाहिए। अगर आप (इन राज्यों के) मतदाता हैं तो अपना कर्तव्य निभाएं। जब निर्वाचन आयोग इतने प्रयास कर रहा है, देश के इतने संसाधन लग रहे हैं, तो मतदाताओं को भी चाहिए कि वे निर्धारित तारीख को घरों से निकलें और मतदान करें। मतदान प्रतिशत का कम रहना लोकतंत्र को कमजोर बनाता है। किसी को यह नहीं सोचना चाहिए कि 'मैं मतदान नहीं करूंगा/गी तो क्या हो जाएगा ... एक वोट से कौनसा नतीजा बदल जाएगा ... जिसे जीतना होगा, वह तो जीत ही जाएगा!' पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव नतीजों के आंकड़े बताते हैं कि कई सीटों पर मामूली अंतर से हार–जीत का फैसला हो गया था। इसलिए एक–एक वोट मायने रखता है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर मतदाता की भागीदारी जरूरी है।

## ट्वीटर टॉक



महिलाएं हमेशा से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहीं है। जो सक्रिय रूप से अपने परिवार की आय आजीविका और समग्र कल्याण का समर्थन करतीं हैं। संपन्न राष्ट्र के लक्ष्य को पूरा करने के लिए महिला सशक्तिकरण, खासकर ग्रामीण महिलाओं को समृद्ध बनाना बेहद जरूरी है।

**–वसुंधरा राजे**



महान वैज्ञानिक, मिसाइल मैन, पूर्व राष्ट्रपति, 'भारत रत्न' डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी की जयंती पर भावपूर्ण नमन। 'पीपल्स प्रेसिडेंट' के नाम से प्रसिद्ध डॉ. कलाम जी ने अपना जीवन भारत को सशक्त, समृद्ध और सामर्थ्यवान बनाने में समर्पित कर दिया।

**–जेपी नड्डा**



जनपद बहराइच की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में काल–कवलित हुए युवक के शोक संतप्त परिजनों से आज लखनऊ में भेंट की। दुःख की इस घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता से पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।

**–योगी आदित्यनाथ**

## प्रेरक प्रसंग

# संवेदनशीलता की मिसाल

गोविंद वल्लभ पंत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। एक दिन वे अपने कार्यालय में बैठे थे, तभी उनके सचिव ने आकर बताया कि एक किसान उनसे मिलना चाहता है। पंत जी ने तुरंत किसान को अंदर बुलवाया। किसान ने अपनी व्यथा बताई कि उसकी फसल सूखे की वजह से बर्बाद हो गई है और वह अपने परिवार का पेट पालने में असमर्थ है। वह सरकार से मदद की गुहार लगाने आया था। पंत जी ने ध्यान से किसान की बात सुनी और फिर अपने सचिव को बुलाकर कहा, 'इन्हें तत्काल राहत के रूप में 500 रुपये दिए जाएं।' सचिव ने कहा कि इतनी बड़ी राशि देने के लिए कुछ औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी और इसमें कुछ दिन लग सकते हैं। यह सुनकर पंत जी ने अपनी जेब से 500 रुपये निकाले और किसान को देते हुए कहा, 'भाई, यह लो। सरकारी मदद आने में समय लग सकता है, लेकिन तुम्हें जरूरत अभी है। यह मेरी तरफ से व्यक्तिगत मदद समझो।' किसान आभार से भर गया और आंखों में आंसू लिए वहां से चला गया। बाद में जब सरकारी मदद मंजूर हुई, तो पंत जी ने वह राशि सरकारी खजाने में जमा करवा दी।

## सामयिक

# उत्तर प्रदेश के अमन-चैन से कौन खेलना चाहता है?

**मनोज कुमार अग्रवाल**





उत्तर प्रदेश के बहराइच में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान 13 अक्टूबर को दंगा आगजनी हुई हमलावरों ने जलूस में शामिल एक हिन्दू युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। इससे कुछ दिन पहले भी यूपी के कई और शहरों में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान विवाद के मामले सामने आए हैं। यह सभी वारदात एक ही पैटर्न पर है जिनमें बहराइच कुशीनगर गोंडा कौशांबी समेत कई जिलों में बहुसंख्यक हिन्दू समुदाय की आस्था से जुड़ी दुर्गा पूजा और मूर्ति विसर्जन के दौरान गड़बड़ी फैलाने और उत्पात मचाने का कुत्सित प्रयास किया गया है वह बताता है कि यूपी में भी कुछ जहरीली ताकतें मोजूद हैं जो यूपी को बांग्लादेश बनाने पर आमादा हैं। क्या यूपी में हिन्दू त्योहार मनाना दूसरे समुदाय की आंखों की किरकिरी बन गया है? आपको बता दें कि यूपी के बहराइच जिले के महराजगंज इलाके में रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के जुलूस के दौरान पत्थरबाजी, फायरिंग और आगजनी हुई। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. इस घटना के बाद पूरे इलाके में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई।

यूपी के कुशीनगर जिले में मां दुर्गा का प्रतिमा ले जाते समय पथराव की खबर सामने आई जिसमें कई लोग घायल हुए और मां दुर्गा का प्रतिमा भी छतिग्रस्त कर दिया गया. मामला कुशीनगर के पडरौना नगर पालिका अंतर्गत छावनी नगर का है जहां पर मौके पर पहुंची कई थानों की फोर्स ने मामले को काबू में किया। पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया और उनके खिलाफ केस दर्ज किया। श्रद्धालु पडरौना से मां दुर्गा का प्रतिमा लेकर अपने गांव गनेशी पट्टी और भिसवा लाला जा रहे थे इसी समय छावनी में कुछ लोगों ने छत और घरों से मां दुर्गा की प्रतिमा और श्रद्धालुओं पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। लोग घायल हुए और प्रतिमा भी क्षतिग्रस्त हुई जिसके बाद दो पक्षों के बीच मारपीट होने लगी। हालांकि पुलिस ने मामला संभाला। यूपी के कौशाम्बी जिले में 12 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन के दौरान गुलाल उड़ाने को लेकर दो समुदायों आपस में भिड़ गए। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नारा गांव में घटना में हुई झड़प देखते ही देखते विवाद में तब्दील हो गई। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट और पत्थरबाजी हुई. सूचना के बाद डीएम और एसपी कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे गए और मामले को काबू में किया। दरअसल, मूर्ति विसर्जन करने के लिए दुर्गा प्रतिमा लेकर निकले लोग गांव में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान कुछ लोगों पर इमामबाड़ा पर गुलाल उड़ाने का आरोप लगा। इसका विरोध करते हुए दूसरे समुदाय के लोगों ने हंगामा किया फिर दोनों पक्षों में हिंसक झड़प शुरू हो गई। कई लोग घायल हुए और फिर तोड़फोड़ और पत्थरबाजी भी हुई। मौके पर भारी पुलिस फोर्स भी तैनात करनी पड़ी।

इससे पहले गोंडा में दशहरा पर देर शाम गोंडा शहर के एक इलाके में हालात तनावपूर्ण हो गए। नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला बड़गांव में नूरामल मंदिर से आगे तकिया मस्जिद और घोसियाना मोहल्ले करीब पत्थरबाजी शुरू हो गई जिससे हालात बिल्कुल खराब हो गए। सूचना मिलते ही इलाके मौके पर पुलिस बल और पीएसी के जवानों तैनात किए गए। दरअसल, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान मस्जिद के आसपास वाले दो और तीन मंजिला घरों से पत्थरबाजी करने का श्रद्धालुओं ने आरोप लगाया और इसका विरोध किया इसके लिए प्रदर्शन और हो हल्ला शुरू कर दिया। कंट्रोल रूम से संदेश मिलते ही एसपी विनीत जायसवाल मौके पर खुद पहुंच गये और हालात को नियंत्रित करने की कोशिश की।

यहां आपको बता दें कि बीती 29 सितंबर को यति नरसिंहानंद द्वारा पैगंबर हजरत मुहम्मद पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शुरू हुआ विवाद अब तक थमा नहीं है. इसके विरोध में रविवार 13 अक्टूबर को महापंचायत का आयोजन किया गया जाना था पर प्रशासन ने अनुमति नहीं दी। महापंचायत को लेकर जुटे लोगों को पुलिस ने खदेड़ दिया. इस मामले को लेकर गाजियाबाद में तनावपूर्ण माहौल पैदा हो। डासना देवी मंदिर के पास बीते 4 अक्टूबर, शुक्रवार देर रात तो हालात ऐसे हो गए कि भीड़ इकट्ठी हो गई और पुलिस ने मौके से 150 से ज्यादा लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। वेव सिटी थाने में डासना चौकी इंचार्ज की शिकायत पर सुबह मुकदमा दर्ज कर लिया गया। गाजियाबाद के डासना मंदिर के पुजारी यति नरसिंहानंद के बयान का विवाद सहानपुर जा पहुंचा जहां पर मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा विरोध ज्ञापन देने के दौरान पुलिस पर पथराव का आरोप लगा और इस मामले में बड़ी कार्रवाई भी की गई। सहारनपुर के शेखपुरा कदीम गांव में हुई इस घटना को लेकर पुलिस द्वारा 13 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप है कि पुलिस को निशाना बनाकर पथराव किया गया जिसमें कई पुलिस गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। हमलावर भीड़ को काबू में करने की कोशिश करते रहे. पुलिस ने फिर हल्के बल प्रयोग से उन्हें खदेड़ दिया था। दरअसल यति के बयान को मुद्दा बनाकर समूचे यूपी को सांप्रदायिक हिंसा और आगजनी का माहौल बनाने की कोशिश की गई।

इस सबका ही नतीजा है कि षडयंत्र कारी प्रदेश में एक खास समुदाय की नफरत की भावना को भड़काने में कामयाब रहे और उसकी परिणति बहराइच में दुर्गा मूर्ति विसर्जन यात्रा पर हुई पत्थरबाजी व गोलीबारी के रूप में हुई। इस मे एक युवक रामगोपाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना के विरोध में भी प्रदर्शन हिंसक हो गया। पुलिस आंसू गैस और लाठीचार्ज करके प्रदर्शन को कंट्रोल करने का प्रयास कर रही है जिसका वीडियो सामने आया है। महसी के महाराजगंज इलाके में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत पर लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इलाके में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

> **सारी वारदातों के पीछे कौन तत्व हैं जो यूपी की आबोहवा में दंगों आगजनी और सांप्रदायिक तनाव का जहर घोल रहे हैं। कमोबेश हर घटना को तूल देकर एक खास नेरेटिव गढ़ कर समुदाय विशेष को भड़काने के एक ही पैटर्न पर पत्थरबाजी कराने के पीछे कोई गहरी साजिश तो नही है? या योगी बाबा के बुलडोजर पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद प्रदेश की सांप्रदायिक ताकतें एक खास षडयंत्र के तहत निर्भय होकर अराजकता और सांप्रदायिक हिंसा का वातावरण तैयार करने का प्रयास कर रहीं हैं।**

बहराइच की घटना के दूसरे दिन 14 अक्टूबर सोमवार को भी बहराइच में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया। अस्पताल और दुकानों में आग लगा दी गई। बहराइच जिले के एक गांव में रविवार को हुई सांप्रदायिक हिंसा के सिलसिले में पुलिस ने एक शख्स के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले में करीब 30 लोगों को हिरासत में लिया गया है। हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बाद लापरवाही बरतने वाले हरदी थाने के प्रभारी और चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया गया है। मामला हरदी थाना इलाके के रेहुआ मंसूर गांव का है। मिली जानकारी के अनुसार यहां रविवार की शाम मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन के लिए निकली थी। जुलूस जब महराजगंज बाजार में पहुंचा और लोग जयकारा लगाते हुए अब्दुल हमीद के घर के सामने से जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात लोगों ने मूर्तियों पर पथराव शुरू कर दिया। इतना ही नहीं पथराव के बीच में ही उपद्रवियों ने फायरिंग भी कर दी। इनमें रेहुआ मंसूर गांव के ही रहने वाले राम गोपाल मिश्रा (22) पुत्र कैलाश नाथ को गोली लग गई, जबकि एक अन्य शख्स भी घायल हो गया। घटना में घायल हुए दोनों युवकों को जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन मेडिकल कॉलेज बहराइच में इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। जब इसकी जानकारी महाराजगंज बाजार में पहुंची तो विसर्जन के लिए जा रहे लोगों ने वाहनों और घरों में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। खबर है, इसमें चार घर जल गए। हिंसा और आगजनी के बाद मूर्तियों के विसर्जन पर रोक लगा दी गई, लेकिन जब इलाके में पुलिस फोर्स तैनात हुई तो फिर विसर्जन शुरू कर दिया गया।

सारी वारदातों के पीछे कौन तत्व हैं जो यूपी की आबोहवा में दंगों आगजनी और सांप्रदायिक तनाव का जहर घोल रहे हैं। कमोबेश हर घटना को तूल देकर एक खास नेरेटिव गढ़ कर समुदाय विशेष को भड़काने एक ही पैटर्न पर पत्थरबाजी कराने के पीछे कोई गहरी साजिश तो नही है? या योगी बाबा के बुलडोजर पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद प्रदेश की सांप्रदायिक ताकतें एक खास षडयंत्र के तहत निर्भय होकर अराजकता और सांप्रदायिक हिंसा का वातावरण तैयार करने का प्रयास कर रहीं हैं। इन सब हालात ने योगी सरकार के सामने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चुनौती बढ़ा दी हैं। क्या अब सूबे में हिन्दू समुदाय के हर जुलूस शोभायात्रा पर पत्थरबाजी कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जाएंगी। इसी माह दीपावली जैसा बड़ा त्योहार भी मनाया जाना है योगी सरकार को अराजक तत्वों के मंसूबों को पहचान कर समय रहते साजिशों को नाकाम करना होगा ताकि किसी को भी सूबे के अमन–चैन से खेलने की छूट न मिले।

## नजरिया

# दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में क्यों होते हैं सिग्नल फेल?

**प्रियंका सौरभ**



भारत का रेलवे बुनियादी ढांचा विशाल लेकिन पुराना है, जिससे विभिन्न कमियों के कारण दुर्घटनाओं का ख़तरा बना रहता है। हाल ही में सिग्नल की विफलता के कारण मैसूर–दरभंगा एक्सप्रेस चेन्नई के पास एक स्थिर मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे मज़बूत सुरक्षा उपायों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश पड़ा। दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक होने के बावजूद, इस तरह की घटनाएँ ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आधुनिकीकरण की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। ट्रेन में सुरक्षित सफ़र को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। ट्रेन में यात्रा करने वाले लोग अपनी मंज़िल तक सुरक्षित पहुँचेंगे या नहीं, हीं ट्रेन हादसे का शिकार तो नहीं हो जाएगी। दरअसल, भारतीय रेलवे से हर दिन एक लाख किमी से अधिक फैले देशव्यापी ट्रेक नेटवर्क पर करीब ढाई करोड़ यात्रियों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुँचाती है। साल 2019–20 के लिए एक सरकारी रेलवे सुरक्षा रिपोर्ट में पाया गया है कि 70 फीसदी रेलवे दुर्घटनाओं के लिए उनका पटरी से उतरना ज़िम्मेदार था, जो पिछले वर्ष 68 फीसदी से अधिक था। इसके बाद ट्रेन में आग लगने और टक्कर लगने के मामले आते हैं, जो कुल दुर्घटनाओं में क्रमश: 14 और आठ फीसदी के लिए ज़िम्मेदार हैं। इस रिपोर्ट में साल 2019–20 के दौरान 33 यात्री ट्रेनों और सात मालगाड़ियों से सम्बंधित 40 पटरी से उतरने की घटनाएँ गिनाई गईं। इनमें से 17 पटरी से उतरने की घटनाएँ ट्रैक खराबियों के कारण हुईं। जबकि नौ घटनाएँ ट्रेनों, इंजन, कोच, वैगन में खराबी के कारण हुई है।

ट्रेनों का पटरी से उतरना रेलवे के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। एक ट्रेन कई कारणों से पटरी से उतर सकती है। ट्रैक का रखरखाव खराब हो सकता है, कोच खराब हो सकते हैं और गाड़ी चलाने में गलती हो सकती है। ट्रेन हादसों को रोकने के लिए ट्रेन की पटरियों का मरम्मत कार्य होते रहना बहुत ज़रूरी है। धातु से बनी रेलवे पटरियाँ गर्मी के महीनों में फैलती हैं और सर्दियों में तापमान में उतार–चढ़ाव के कारण सिकुड़ती है। ऐसे में इन्हें नियमित रखरखाव की ज़रूरत होती है। जरा–सी लापरवाही बड़े हादसे की वज़ह बन सकती है। ढीले ट्रैक को कसना, स्लीपर बदलना और अन्य चीजों के अलावा, चिकनाई और समायोजन स्विच। इस तरह का ट्रैक निरीक्षण पैदल, ट्रॉली, लोकोमोटिव और अन्य वाहनों द्वारा किया जाता है।

बुनियादी ढाँचे की कमियाँ दुर्घटनाओं में योगदान दे रही हैं, कई वर्ग अभी भी मैन्युअल सिग्नलिंग पर भरोसा करते हैं, जिससे मानवीय त्रुटि का ख़तरा बढ़ जाता है, जो दुर्घटनाओं का एक महत्त्वपूर्ण कारक है। 2024 मैसूर–दरभंगा टक्कर सिग्नलिंग विफलता के कारण हुई, जिसके कारण ट्रेन को ग़लत ट्रैक पर ले जाया गया। दिल्ली–कोलकाता जैसे मार्गों पर भारी भीड़भाड़ होती है, जिससे अक्सर देरी होती है और नेटवर्क पर बढ़ते दबाव के कारण सुरक्षा से समझौता होता है।

कवच जैसे एटीपी सिस्टम की अनुपस्थिति से ओवरस्पीडिंग या सिग्नल उल्लंघनों के कारण होने वाली टक्करों को रोकना मुश्किल हो जाता है। पुरानी पटरियाँ, खराब रखरखाव कार्यक्रम के साथ मिलकर, अक्सर पटरी से उतरने और दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। 2017 कलिंग उत्कल एक्सप्रेस के पटरी से उतरने की घटना का कारण ट्रैक की खराब स्थिति को बताया गया था। अत्यधिक काम करने वाले कर्मचारी, विशेष रूप से लोकोमोटिव पायलट, अक्सर तनावपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं, जिससे त्रुटियाँ होती हैं। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की 2021 की रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी सीधे सुरक्षा को प्रभावित करती है। कई भारतीय रेलगाड़ियाँ पुराने कोचों का उपयोग करती हैं, जिनमें क्रैशवर्थी डिज़ाइन जैसी आधुनिक सुरक्षा सुविधाओं का अभाव होता है। वर्ष 2023 ओडिशा दुर्घटना में पुराने आईसीएफ कोच शामिल थे, जो आधुनिक एलएचबी कोचों की तुलना में कम प्रभाव–प्रतिरोधी थे। मज़बूत आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की कमी दुर्घटना होने पर क्षति को बढ़ा देती है। 2023 बालासोर दुर्घटना में मलबा हटाने में 6 घंटे से अधिक का समय लगा, जिससे महत्त्वपूर्ण बचाव कार्यों में देरी हुई।

इन कमियों को दूर करने में 'कवच' प्रणाली की भूमिका बहुत ही अहम है, कवच प्रणाली लाल सिग्नल पार करने पर ट्रेनों को स्वचालित रूप से रोक देती है, जिससे खतरनाक टकराव को रोका जा सकता है। रेल मंत्रालय ने दिल्ली–मुंबई और दिल्ली–हावड़ा मार्गों पर कवच लागू किया, जिसके परिणामस्वरूप घटनाओं में कमी आई। कवच यह पता लगाता है कि दो ट्रेनें एक ही ट्रैक पर हैं और टक्कर को रोकने के लिए स्वचालित रूप से ब्रेक लगाती है। परीक्षण के दौरान सिस्टम ने संभावित दुर्घटनाओं को सफलतापूर्वक टाल दिया दक्षिण–मध्य रेलवे नेटवर्क पर कवच सुनिश्चित करता है कि ट्रेनें गति सीमा से अधिक न चलें, महत्त्वपूर्ण कार्यों को स्वचालित करके, कवच लोकोमोटिव पायलटों पर कार्यभार कम करता है, मानवीय त्रुटियों को कम करता है। परीक्षणों से पता चला है कि कवच–संरक्षित ट्रेनों का उपयोग करने वाले पायलटों के बीच थकान सम्बंधी त्रुटियों में 507 की कमी आई है। कवच का एकीकरण कई बुनियादी ढांचे की चुनौतियों का समाधान करते हुए अधिक डिजिटलीकृत और स्वचालित रेलवे प्रणाली की ओर बदलाव का संकेत देता है। राष्ट्रीय रेल योजना 2030 में कवच को 34, 000 किमी के उच्च–घनत्व वाले मार्गों पर विस्तारित करने की परिकल्पना की गई है। इस प्रणाली को वार्षिक रेलवे पूंजीगत व्यय के 27 पर लागू किया जा सकता है, जो नेटवर्क को आधुनिक बनाने के लिए एक लागत प्रभावी तरीक़ा प्रदान करता है।

2024 के रेलवे बजट में 1,112.57 करोड़ आवंटित किए गए हैं प्रमुख रेलवे गलियारों में कवच स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली का विस्तार करने के लिए, ट्रेन स्थानों पर वास्तविक समय डेटा प्रदान करके, कवच दुर्घटनाओं के मामले में त्वरित प्रतिक्रिया की सुविधा प्रदान करता है, जिससे सुरक्षा परिणामों में सुधार होता है। कवच कार्यान्वयन के बाद, बेंगलूरु–चेन्नई मार्ग पर आपातकालीन प्रतिक्रिया समय कम हो गया है। ट्रेन के पटरी से उतरने की एक वज़ह नहीं, बल्कि कई वजहें हैं। सबसे मुख्य कारण रेलवे ट्रैक पर मैकेनिकल फॉल्ट यानी रेलवे ट्रैक पर लगने वाले उपकरण का खराब हो जाने को माना जाता है। इसके अलावा ये हादसे उस वक़्त होते हैं, जब पटरियों पर दरार पड़ जाती हैं। वहीं, ट्रेन के डिब्बों को बाँध कर रखने वाले उपकरण का ढीला होना भी इसका एक कारण हो सकता है।

इसके अलावा एक्सेल जिस पर ट्रेन की बोगी रखी होती है, उसका टूटना भी ट्रेन के डिरेल होने की एक संभावित वज़ह हो सकता है। लगातार चलते रहने के कारण ट्रेन की पटरियों से पहियों का घिस जाना भी ट्रेन के पटरी से उतरने की वज़ह हो सकता है। गर्मी के मौसम में पटरियों के स्ट्रक्चर में कई बार बदलाव आ जाता है। इसके अलावा तेज चलती ट्रेन को तेज स्पीड से मोड़ना या फिर ब्रेक लगा देना भी ट्रेन के पटरी छोड़ने की वज़ह हो सकता है।

इसे रोकने का एक ही तरीक़ा है मरम्मत कार्य चलता रहे। थोड़ी भी गड़बड़ी नज़र आने पर उसे तुरंत ठीक किया जाए। जबकि भारतीय रेलवे को महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढांचागत कमियों का सामना करना पड़ता है, कवच प्रणाली सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए एक परिवर्तनकारी समाधान प्रदान करती है। सिग्नलिंग प्रणालियों को आधुनिक बनाकर, टकरावों को रोककर और ट्रेन परिचालन में सुधार करके, कवच उन कई कमियों को दूर कर सकता है जो दुर्घटनाओं में योगदान करती हैं। भारत में सुरक्षित रेल यात्रा सुनिश्चित करने के लिए इसके कार्यान्वयन को पूरे नेटवर्क में विस्तारित करना महत्त्वपूर्ण है।

## न्यूज़ अपडेट

### मिसाइल मैन और भूतपूर्व राष्ट्रपति को दी श्रद्धांजलि

**दुमका।** पटेल चौक, दुमका में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थल पर पटेल सेवा संघ, सिविल सोसायटी व भागवत राउत विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में महान वैज्ञानिक, भूतपूर्व राष्ट्रपति तथा जय जवान-जय किसान से जय विज्ञान के पथ प्रदर्शक अवुल पकिर जैनुलाब्दीन अब्दुल कलाम के अवतरण दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके तैल्यचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया गया।




इस अवसर पर सिविल सोसायटी, दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, उपाध्यक्ष प्रेम केसरी, पटेल सेवा संघ, सिविल सोसायटी व भागवत राउत विचार मंच के सचिव संदीप कुमार जय बमबम, उपाध्यक्ष पटेल सेवा संघ व अध्यक्ष जय माता दी सेवा समिति राजेश कुमार राउत, विकास चंद्र दास, मुकेश कुमार सिंह, मनोज मंडल, जितेंद्र साह, चन्दन सिंह, ऋषभ वर्मा रोहित कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

उपरोक्त संस्थाओं के सदस्यगणों ने कलाम साहब को हृदय से नमन किया।

### झारखंड की जनता सूबे में अब परिवर्तन चाहती है: रूपेश मंडल

**दुमका।** चुनाव आयोग के द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव की तिथि की घोषणा के बाद भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार मंडल ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा झारखंड विधान सभा चुनाव की तारीखों की घोषणा का भारतीय जनता पार्टी स्वागत करती है। उन्होंने कहा कि बीते 5 सालों में बेरोजगारी, घुसपैठ, अपराध, भ्रष्टाचार, कुशासन, तुष्टिकरण, दलित-आदिवासी-पिछड़े समाज का उत्पीड़न व झामुमो- कांग्रेस- राजद के जंगलराज से त्रस्त झारखंड की जनता-जनार्दन अब परिवर्तन चाहती है।



श्री मंडल ने कहा कि यह चुनाव झारखंड की रोटी, बेटी और माटी की अस्मिता को बचाने का चुनाव है। आदिवासी समाज के अस्तित्व को घुसपैठियों से बचाने का चुनाव है। यह चुनाव युवा साथियों को नौकरी, रोजगार और न्याय दिलाने का चुनाव है। यह चुनाव झारखंड के गरीब, किसान, महिलाओं को उनका हक़ दिलाने का चुनाव है, यह चुनाव झारखंड को बचाने का चुनाव है।

इस विधानसभा चुनाव में झारखंड के मतदाता आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत देकर लोक कल्याणकारी सरकार बनायेंगे।

### बीडीओ ने किया थाना प्रभारी सहित बूथ पर्यवेक्षक के बैठक

**देवीपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए देवीपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राजेश बारला ने देवीपुर थाना प्रभारी संदीप कृष्णा, थाना के सभी एएसआई, मतदान बूथ पर्यवेक्षक के साथ अहम बैठक किया गया। इस दौरान सभी बूथों का भौतिक सत्यापन का पूरा किए जाने का की जानकारी ली। इसके अलावे चुनाव को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

### सड़क निर्माण में संवेदक के द्वारा सड़क किनारे के मिट्टी उठाकर पेड़ों को कर क्षतिग्रस्त



**देवीपुर।** रोहिणी से बाघमारी होते हुए देवीपुर प्रखंड के जीतपुर तक सड़क निर्माण में संवेदक के द्वारा सड़क किनारे के मिट्टी को ही सड़क निर्माण के दौरान दिया जा रहा है। सड़क किनारे मिट्टी खोदने से सड़क किनारे में लगाए गए सामाजिक वानिकी प्रमंडल जंगल विभाग की ओर से हजारों पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पेड़ के जड़ को उखाड़ दिया गया है। जिससे पेड़ों को नुकसान पहुंचा है। इस संबंध में सड़क निर्माण कर रहे संवेदक के कर्मियों ने बताया कि बाहर से मिट्टी लाने का एस्टीमेट में नहीं दिया गया है। जबकि वन विभाग के कर्मियों ने बताया कि जांच कर अभिलंब कार्रवाई की जाएगी।

### स्टेशन पर गंदगी फैलाना, थूकना, एवं सिगरेट पीना हुआ महंगा




मधुपुर भारतीय रेल के द्वारा स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाना, सिगरेट पीना हुआ मंहगा इसी अभियान के तहत आसनसोल रेल मंडल अंतर्गत मधुपुर स्टेशन में मंगलवार को सिगरेट पीकर धुंआ उड़ा रहे एवं जहां-तहां थूकने वालों पर आरपीएफ के द्वारा पकड़ कर जुर्माना वसूला गया है। मधुपुर रेलवे स्टेशन परिसर एवं सर्कुलेटिंग एरिया में सिगरेट पीकर धुआं उड़ा रहे हेमंत जहां-तहां थूकने वालों पर आरपीएफ ने पकड़कर धूम्रपान अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जहां दांत थुकने वालों से100 वही स्मोकिंग करने वाले से 200 रुपए ऑन द स्पॉट जुर्माना वसूला जा रहा है। आरपीएफ इंस्पेक्टर इंचार्ज हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि स्टेशन परिसर सर्कुलेटिंग एरिया में गंदगी फैलाना, थूकना, एवं सिगरेट पीना आरपीएफ को विशेष अधिकार देते हुए उनके विरोध जुर्माना वसूला जा रहा है और विशेष अधिकार रेलवे सुरक्षा बल को दिया गया है इसलिए यात्रियों से रेलवे सुरक्षा अपील करती है कि जहां तहां गंदगी ना फैलाएं और ना सिगरेट इत्यादि स्टेशन परिसर में इस्तमाल करें।

# झारखंड विस निर्वाचन की घोषणा के साथ ही पूरे जिले में आचार संहिता लागू

**दुमका।**



विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त दिन मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि 15 अक्टूबर को निर्वाचन की घोषणा के उपरांत पूरे जिले में आचार संहिता लागू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में दूसरे चरण के तहत दिनांक 20.11.24 को मतदान किया जाना है।

प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि 22.10.2024 को नाम निर्देशन प्रारंभ करने की तिथि है। 29 10.2024 को नाम निर्देशन की अंतिम तिथि है। 30.10. 2024 को नाम निर्देशन पत्रों की जांच की तिथि है। 01.11.24 को नाम वापसी की तिथि है। 20.11.24 को मतदान की तिथि और 23.11.2024 को मतगणना की तिथि निर्धारित है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दुमका जिला अन्तर्गत 04 विधान सभा क्षेत्र में कुल 9, 84, 646 मतदाताओं की संख्या हैं, जिसमें 07-शिकारीपाड़ा के 2, 29, 971 मतदाता, 10- दुमका के 2, 59, 079 मतदाता, 11- जामा के 2, 24, 553 मतदाता, 12- जरमुंडी के 2, 71, 043 मतदाता शामिल हैं। जिसमें पुरुष मतदाता 4, 85, 951 एवं महिला वोटरों की संख्या 4, 98, 688 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 07 है।

जिले में कुल 1157 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। साथ हीं दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं को पूर्व की तरह विभिन्न सुविधाओं मुहैया करायी जायेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना जारी होने के पश्चात आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। उक्त परिप्रेक्ष्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जाएगा। आचार संहिता का उलंघन करनेवालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई होगी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि अगले 24 घंटे में सरकारी और 48 घंटे में सार्वजनिक प्रकार बैनर/पोस्टर और होर्डिंग को हटा दिए जाए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि चुनाव आदर्श आचार संहिता सख्ती से लागू हो इनमें मीडिया प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने कहा कि शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दण्डाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। उन्होंने विधानसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर मतदाताओं से भयमुक्त होकर शतप्रतिशत मतदान करने की अपील की।

उन्होने जानकारी देते हुए कहा कि विधानसभा आम चुनाव सम्पन्न कराने के दृष्टिकोण से पूर्व में हीं सभी कोषांगों का गठन कर दिया गया है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस बार शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए कई स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। साथ ही वोटर हेल्पलाइन ऐप, सी विजिल ऐप आदि की जानकारी भी आमजनों को दी जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा कर दी है। इसी अधिसूचना के साथ पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। सभी संबंधित अधिकारियों/पुलिस अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का उचित अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर असमाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने के अलावे सीमावर्ती ईलाकों में विशेष गश्ती व विशेष अभियान चलाया जायेगा, ताकि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जायेगी। भ्रामक और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कारवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि फ्लाइंग स्कॉड और स्टैटिक निगरानी दल का गठन किया गया है। ताकि शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में लोकसभा चुनाव संपन्न कराया जा सकें।

## जिला अन्तर्गत कुल 1245 मतदान केन्द्रों पर 23 नवंबर को होगा मतदान-जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त

**देवघर।**




जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री विशाल सागर एवं पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुग की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर आज समाहरणालय के सभागार में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेसवार्ता के माध्यम से आप सभी मीडिया बंधुओं के साथ सभी मतदाताओं को निर्वाचन से जुड़ी जानकारियों से अवगत कराना है। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि दूसरे चरण के तहत देवघर जिला अन्तर्गत देवघर, सारठ एवं मधुपुर विधानसभा अन्तर्गत मतदान सुनिश्चित किया गया है। आगे उन्होंने कहा कि 22 अक्टूबर को गैजेट नोटिफिकेशन की तारीख तय की गयी, नामांकण की तिथि29 अक्टूबर निर्धारित की गयी है, स्क्रूटनी ऑफ नोमिनेशन की तिथि 30.अक्टूबर.2024, नाम वापसी की अंतिम तिथि 01.11.2024 तय गयी है, मतदान की तिथि-23.11 निर्धारित है। मतगणना की तिथि 23.11.2024 निर्धारित की गयी है एवं चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति की तिथि 25.11.2024 निर्धारित की गयी है।

प्रेसवार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिला अन्तर्गत विधानसभा आम चुनाव में लगभग 1120613 मतदाता हैं, जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है। इसके अलावे मधुपुर विधानसभा अन्तर्गत 409 मतदान, सारठ विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत 376 मतदान केन्द्र एवं देवघर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत 460 मतदान केन्द्रों की संख्या है। इस प्रकार देवघर जिला अन्तर्गत कुल 1245 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। साथ ही सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा हेतु सभी बूथों पर एएमएफ की सुविधा सुनिश्चित की जायेगी। वहीं सुरक्षा की दृष्टिकोण से सभी मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावे भयमुक्त, शांतिपूर्ण व सुरक्षित मतदान को लेकर एफएसटी-33, भीएसटी-12, एसएसटी-39, एटी-04, एईओ-04 एवं वीवीटी-06 टीम का गठन किया गया। साथ ही देवघर जिला अन्तर्गत विभिन्न सीमाओं पर कुल 05 (अंधरीगादर, दर्दमारा, दुम्मा, जयपुर मोड़ व जमुआ) आदि चेक पोस्ट बनाये गये हैं।

आगे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि सी-विजिल एप की जानकारी देते हुए कहा कि इस ऐप के जरिए आमजन आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट कर सकेंगे। यह एप निर्वाचन की घोषणा की तिथि से प्रभावी होगी और मतदान के एक दिन बाद तक बनी रहेगी। कोई भी व्यक्ति इस ऐप के जरिए कहीं भी आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी दे सकेगा। सी विजिल एप चुनावी गड़बड़ियों पर तत्काल लगाम लगाने में सहायक होगा। इस एप के आने से नागरिकों को चुनाव के संबंध में शिकायत दर्ज कराने के लिए पीठासीन अधिकारी के कार्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। शिकायत के लिए जागरूक नागरिक को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की एक तस्वीर या अधिक से अधिक दो मिनट का वीडियो रिकॉर्ड कर इस एप पर भेजना है। इसमें शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखी जाएगी। सबूत आधारित शिकायत का निस्तारण अधिकतम 100 मिनट में किया जा सकेगा

### बालु ले जा रहे ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़ा

**देवीपुर।** थाना प्रभारी संदीप कृष्णा के द्वारा गस्ति के क्रम में राजपुरा गांव के पास से बालु लदा एक ट्रैक्टर को जॉच के लिए रोका और जांच के क्रम में अवैध बालू निकला। जिसके बाद उक्त ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई। वही इसकी सूचना वरीय पदाधिकरी समेत जिला खनन पदाधिकरी को भेज दिया गया।

### एंबुलेंस चालकों का धरना आज दूसरे दिन भी जारी

● **मरीज हो रहे हैं परेशान**

**देवघर ।** आज स्थानीय सदर अस्पताल परिसर स्थित 108एंबुलेंस के ड्राइवरों ने अपनी 5सूत्री मांगों के समर्थन में दूसरे दिन भी धरना जारी रखा। एंबुलेंस ड्राइवरों ने धरने के माध्यम से मांग की है कि उन्हें एनआरएचएम के तहत स्थाई करते हुए एनआरएचएम के तहत सीधे तौर पर भुगतान किया जाय ।इसके साथ ही विगत तीन माह से लंबित वेतन भुगतान की मांग करते हुए कहा है कि उन्हें समान काम के आधार पर समान वेतन का भुगतान करते हुए सरकारी छुट्टी दिया जाय।



धरना प्रदर्शन में राकेश कुमार, भजन तांती,मुकेश पंडित,योगेंद्र मंडल,मिथुन पंडित सहित दर्जनों 108एंबुलेंस चालक शामिल थे।

गौरतलब है कि 108 एंबुलेंस चालकों के धरना प्रदर्शन का स्वास्थ्य सेवा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और मरीजों को जरूरत पर एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिल सकी जिससे मरीज परेशान हैं।

### इंस्पायर क्लासेस में ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई

मधुपुर शहर के बी०एन० रोड भैरवा स्थित इंस्पायर क्लासेस मे ए०पी०जे० अब्दुल कलाम की जयंती समरोह पूर्वक मनाया गई तथा इस अवसर बच्चों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षकों तथा बच्चों ने कलाम जी की तस्वीर पर मल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पण किया। मौके पर संस्थान के निदेशक भूमन्यु सौरव ने विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा की वे एक शानदार वैज्ञानिक और पथप्रदर्शक इंजीनियर थे जिनका पूरा जीवन देश सेवा को समर्पित रहा। भारत को महाशक्ति बनाने की उनकी महत्वाकांक्षा थी । इसके लिए वे देश के विद्यार्थियों की भूमिका को प्रमुखता से स्वीकार करते थे। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने देश को तकनीक तथा सामरिक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जो योगदान दिया उसे देश कभी भुला नहीं पाएगा। अग्नि और पृथ्वी मिसाइलों का विकास करना, उनसे मिली सबसे बड़ी भेंटों में से एक हैं। मिसाइल कार्यक्रम में उनकी सक्रिय भूमिका के कारण, एपीजे अब्दुल कलाम को भारत का मिसाइल मैन कहा जाता है। एपीजे अब्दुल कलाम रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ( डी आर डी ओ ), और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) दोनों में शीर्ष शोधकर्ता के रूप में में सेवा दे चुके हैं। अपने जीवनकाल में कलाम को कई विश्वस्तरीय पब्लिकेशन कार्यों का श्रेय जाता है, लेकिन इंडिया 2020 को उनके सबसे प्रसिद्ध योगदानों में से एक माना जाता है। कार्यक्रम में शिक्षक आसिफ शेख, शुभम कुमार, तथा दर्जनों विद्यार्थी उपस्थित थे।



## मुन्ना कापरी बने जेबीकेएसएस के केंद्रीय संगठन मंत्री

**पालोजोरी।**

झारखंड बचाओ क्रांति सेना समिति (जेबीकेएसएस) ने केंद्रीय समिति की घोषणा की है, जिसमें समिति के केंद्रीय संगठन मंत्री के पद पर मुन्ना कापरी को सर्वसम्मति के साथ मनोनीत किया गया। इसको लेकर जेबीकेएसएस के केंद्रीय महासचिव भुवनेश्वर यादव ने अधिसूचना जारी किया है। केंद्रीय संगठन मंत्री मुन्ना कापरी ने कहा कि हम सभी की सोच झारखंड का नवनिर्माण है। झारखंड बचाओ क्रांति सेना समिति की टीम झारखंड के लिए समर्पण भाव से कार्य करने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करता है। हम संघर्ष के रास्ते से नवनिर्माण की परिकल्पना को साकार करेंगे। अब झारखंड की नीतियों को एसी कमरे में बैठने वाले नहीं बल्कि पढ़े-लिखे झारखंडी युवा ड्राफ्ट करेंगे, जो यहां पैदा हुए और यहां की समस्याओं को महसूस करते हैं। कहा आइए मिलकर झारखंड में बदलाव का संकल्प लें। सकारात्मकता के साथ राज्य को एक प्रगतिशील नेतृत्व देने का प्रयास करें। मुन्ना कापरी ने कहा कि यह संगठन संघर्ष से ऊपजी है। हम जुल्म के खिलाफ न्याय के लिए संघर्ष में विश्वास रखते हैं। संगठन की यह सोच है की झारखंड की साझी विरासत को सहेजकर रखना है। झारखंड की भाषा, खतियान, संस्कृति, माटी के संरक्षण को लेकर हम संकल्पित हैं। संरक्षण के इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए हम साझा संघर्ष कर रहे हैं। हमारा संघर्ष अनवरत और लगातार जारी है। मुन्ना के समर्थकों में इसको लेकर खासा उत्साह है। कहा कि मुझे केंद्रीय संगठन मंत्री का दायित्व को दिया गया है वह बेखूबी से निर्वहन करेंगें।



# आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा हेतु

### प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न

**दुमका।**



झारखंड में आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में बनाए गए सभी मतदान केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा हेतु प्रमंडलीय आयुक्त(संपप्र) दुमका, लालचंद डाडेल की अध्यक्षता में दिन मंगलवार को आयुक्त कार्यालय सभागार में एक बैठक संपन्न हुई।

समीक्षा के क्रम में कतिपय मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं यथा-पेयजल, विद्युत, शौचालय, रैंप, पहुंच पथ आदि की भारी कमी पायी गई। बैठक में उपस्थित पदधिकारियों को निर्देश देते हुए आयुक्त ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था एक सप्ताह के अंदर सुनिश्चित की जाय तथा इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधि कारी के माध्यम से प्रतिवेदन उपलब्ध करायी जाय।

उन्होंने कहा कि ऐसे मतदान केंद्र जहां दिव्यांग मतदाता मतदान करेंगे, वहाँ व्हीलचेयर व नियमानुसार वॉलिंटियर्स की व्यवस्था की जाय। वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बीएलओ के माध्यम से उन्हें मतदान की तिथि व मतदान केंद्रों के बारे में ससमय अवगत कराया जाय।

उन्होंने कहा कि जिले में महिला संचालित मतदान केन्द्रों का चयन कर उपरोक्त में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराएं। जिले में जिन मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्र बनाया जाएगा, उन्हें रंगोली एवं स्थानीय सामग्री से सुसज्जित करें। महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केंद्रों में महिलाओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निमित्त आहूत इस बैठक में आयुक्त के सचिव-सह-उप निदेशक, कल्याण अमित कुमार, उप परिवहन आयुक्त-सह-सचिव, संथाल परगना क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार शेलेन्द्र रजक, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, संथाल परगना प्रमंडल, उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, दुमका जिला कल्याण पदाधिकारी दुमका/ पाकुड़/साहेबगंज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी दुमका/सहेबगंज, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुमका/गोड्डा/पाकुड़/जामताड़ा, जिला शिक्षा अधीक्षक, दुमका/गोड्डा/साहेबगंज, आयुक्त कार्यालय के प्रशाखा पदाधिकारी मो० अमजद हुसैन, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी सौरभ कुमार तिवारी, सहायक तकनीकी पदाधिकारी विधान चक्रवर्ती, आशुलिपिक भादू देहरी आदि इस अवसर पर उपस्थित थे।

न्यूज़ अपडेट

## मानसी प्रिया नीट यूजी परीक्षा 2024 मे सफलता हासिल कर डॉक्टर बनने का सपना साकार किया




**श्रमबिन्दु इचाक ।** इचाकः मानसी प्रिया का चयन एमबीबीएस के लिये प्रथम राउंड की कौन्सेलींग मे शहीद निर्मल महतो मैडिकल कॉलेज , धनबाद , झारखण्ड मे हुआ है। इन्हे नीट परीक्षा 2024 मे सफलता प्राप्त हूई ।मानसी प्रिया को सी एम एल रेंक 230 एवं केटोगरी रेंक 51 प्राप्त हुआ है।

छात्रा आई. एस. सी. 2023 बैच की सीबीएसई की विद्यालय टॉपर थी। आई. एस. सी. के बाद पिता मनीष कुमार, प्राचार्य आदर्श इंटर कॉलेज इचाक के मार्गदर्शन मे दक्षिणा फाऊंडेशन, पुणे , महाराष्ट्र भरत सरकार की संस्था मे तैयारी की । और नीट की परीक्षा मे सफलता हासिल कर इचाक प्रखंड, अपने गाव हदारी- चपरख, अपने समाज, गुरूजनो,माता पिता, दादा दादी, चाचा चाची तथा सभी संबंधियो का नाम रौशन किया है। पिता की इच्क्षा है की बेटी डॉक्टर बनकर गरीब, मजदुर,असहाय आदमी को निः शुल्क सेवा कर मा बाप के सपनो को साकार करे ।इस अवसर पर विद्यालय, प्राचार्य, शिक्षकगण, पिता मनीष कुमार, माता ममता मेहता, चाचा मनोज कुमार, कैलाश कुमार,जीवन कुमार,दादा चन्द्रीका प्रसाद मेहता,दादी गीता देवी ने हर्ष वयक्त किया है।

## तिवारी महतो ने खरना में 63केवी नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया




**श्रमबिंदु। विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खरना के टोला बारा में बीते कई दिनों से ट्रांसफार्मर जला हुआ था। जिसकी सूचना प्राप्त होने के बाद आजसू पार्टी के मांडू विधानसभा प्रभारी निर्मल उर्फ तिवारी महतो के द्वारा 63 केवी के नए विद्युत ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया गया है। जिसका उद्घाटन मंगलवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर तिवारी महतो ने कहा कि मांडू विधानसभा क्षेत्र का कोई भी घर को अंधेरे में नहीं रहेगा। हम सभी को सूचना मिलते हैं तत्परता के साथ कार्रवाई करते हैं। इस मौके पर आजसू जिला उपाध्यक्ष लिलो महतो,जिला सचिव महादेव देहाती , प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष दीपु अकेला, प्रखंड उपाध्यक्ष दामोदर महतो, गौतम वर्मा , गोविंद महतो, अशोक महतो, हेमंत आर्या , सुरेश कुशवाहा , सतीश कुमार ,संतोष महतो सलीम अंसारी, जय किशोर महतो, गुडू सिंह, सुधीर कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने नए बीडीओ का किया स्वागत




**श्रम बिंदु बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने नए बीडीओ जयपाल महतो का बुके देकर स्वागत किया। मौके पर उन्होंने अपनी पंचायत की समस्याओं को बीडीओ को अवगत कराया। साथ ही कहा कि हमारे पंचायत का विकास के लिए आपके सहयोग नितांत आवशयक है। वहीं बीडीओ ने अपनी सहभागिता देने की बात कही। साथ ही कहा कि बरही जैसे क्षेत्र में आकर काम करना काफी अच्छा लग रहा है। यहां के लोग विकास के प्रति काफी चिंतित है। मौके पर धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, ब्रह्मदेव यादव, प्रकाश साव आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को कैबिनेट से ईपीएफ की मंजूरी दी जाने पर पारा शिक्षकों ने जताया आभार

### 22 वर्ष बाद मांग हुई पूरी खुशी में बांटी गई मिठाई



पारा शिक्षक संघ अध्यक्ष शमशेर आलम को मिठाई खिलाते संघ के लोग

बड़कागांव ।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में झारखंड की 60 हजार पारा शिक्षकों ( सहायक अध्यापकों ) को ईपीएफ का लाभ देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई ।मामले को लेकर सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा बड़कागांव के प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम के नेतृत्व में खुशी का इजहार करते हुए मिठाई बांटी गई।और सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम को धन्यवाद व आभार जताया ।मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि वर्तमान सरकार ने हम सुबे के पारा शिक्षकों का मानदेय बढ़ोतरी सहित ईपीएफ का लाभ दिया इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एंव शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम को पूरे परिवार की ओर से धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त करता हूं।

- **ईपीएफ में मानदेय से कटेंगे 1800 , सरकार देगी 1950**

बड़कागांव प्रखंड सहित सुबह के 60 हजार पारा शिक्षक लगभग 22 वर्षों से ईपीएफ का मांग कर रहे थे।और ईपीएफ सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन समय-समय पर करते रहते थे।ऐसा होता था कि किसी भी पारा शिक्षक की मृत्यु होती थी तो उसके परिजनों को पारा शिक्षक स्वयं अपने शिक्षकों से चंदा इकट्ठा कर पारा शिक्षक के परिजनों को सहयोग राशि के रूप में देते थे। शमशेर आलम ने बताया कि 60 हजार शिक्षकों को सहायक अध्यापकों को ईपीएफ देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।अब इन कर्मियों के मानदेय से प्रत्येक महिना 1800 रुपए ईपीएफ मद में काटेंगे , वहीं राज्य सरकार अधिकतम 1950 रुपए देगी।जिसका लाभ सभी टेट पास , आकलन पास , प्रशिक्षित एवं अपारशिक्षित पारा शिक्षकों के 15 हजार मानदेय बेस पर ईपीएफ की कटौती होगी।पारा शिक्षकों के मानदेय से 12% जबकि सरकार के मद से 13% ईपीएफ में भुगतान होगा।दोनों राशि में अधिकतम 3600 ईपीएफ में प्रत्येक माह जमा होंगे।इसमें 1250 रुपए पेंशन मद में और 2750 रुपए भविष्य निधि में जमा होंगे।आभार व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम , बालेश्वर साव , सुनिता कुमारी, आरती कुमारी , कंचनमाला , इबादत हुसैन , खुर्शीद आलम , मोहम्मद जहांगीर सहित प्रखंड के तमाम पारा शिक्षक शिक्षकों की परिवार की ओर से धन्यवाद देते हुए आभार जताया है।

## समाजसेवी रामलखन मेहता का आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

श्रमबिंदु इचाक ।



इचाक प्रखण्ड के मंगुरा गांव निवासी समाजसेवी रामलखन मेहता की (उम्र 75 वर्ष) मंगलवार सुबह करीब 8 बजे आकस्मिक निधन ह्रदय गति रुक जाने से हो गया। जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। जानकारी के अनुसार रामलखन मेहता मंगलवार सुबह अपनी मोटरसाइकिल से जमुवारी चौक गए थे। जहाँ उंनकी तवियत अचानक बिगड़ गई. वहाँ से किसी ने उन्हें अपनी मोटरसाइकिल पर बिठाकर मंगुरा स्थित घर पहुंचा दिया. परिजन उंन्हे बेहतर इलाज के लिए हज़ारीबा×ग ले गए। जहाँ चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मूल रूप से किसान परिवार से आनेवाले स्व मेहता का पूरा जीवन काल समाज सेवा के लिए समर्पित रहा। वे जीवनपर्यंत सार्वजनिक दुर्गा पूजा और रामनवमी पूजा समिति मंगुरा के अध्यक्ष बने रहे। जबकि मंगुरा में 6 गांव के सौजन्य से बन रहे भव्य दुर्गा मण्डा निर्माण समिति के संरक्षक भी रहे । वे लम्बे समय तक भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष रहकर किसानों की लड़ाई लड़ते रहे. वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्री और तीन पुत्र समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए. उनका अंतिम संस्कार मंगुरा स्थित मुक्तिधाम में किया गया. मुखागनी बड़े पुत्र राजकुमार मेहता उर्फ मंटू ने दिया. शव यात्रा में हज़ारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता, विद्यायक अमित कुमार यादव, जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, पूर्व विद्यायक जानकी प्रसाद यादव, बीस सुत्री अध्यक्ष मनोहर राम, उप प्रमुख सत्येंद्र मेहता, जिप सदस्य रेणु देवी, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता, कांग्रेस नेता डॉ. आर सी मेहता, पूर्व उप प्रमुख चंद्रदेव मेहता, अर्जुन मेहता, अशोक राम, आचार्य श्रीनिवास पांडेय, जयनारायण मेहता, अनूप भाई वर्मा, ओमप्रकाश मेहता, अशोक मेहता, हिरामन मेहता, अशोक यादव, पूर्व मुखिया मनोज मेहता, सुनील मेहता, मुखिया प्रतिनिधि रामशरण शर्मा, सदन मेहता, बकसू महतो, भीम मेहता, बिरबल मेहता, राजेन्द्र रवि, रीतलाल साव, छोटन महतो, बलदेव मेहता, वीरेंद्र मेहता, कौशलनाथ मेहता, वकील मेहता, बासुदेव राम, वीरेंद्र शर्मा, कयूम अंसारी, गलु मिंया, विजय गिरी, संतोष मेहता, बीरेंद्र मेहता, हितेंद्र मेहता समेत सैकड़ो लोग शामिल हुए. और शमशान घाट में ही शोक सभा का आयोजन किया गया. जहाँ दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया.

## महिला ने पति के खिलाफ जान मारने का लगाया आरोप, थाना में दिया आवेदन

श्रमबिन्दु इचाक ।

थाना क्षेत्र के बरियठ सीएचओ में कार्यरत कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर सरिता रविदास पिता स्व० सुखी रविदास ने अपने ही पति भीम कुमार और ससुराल वालों के खिलाफ जान से मारने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए इचाक थाना में आवेदन दे कर कार्यवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में कहा है कि ग्राम जोरदाग थाना कैरेडारी जिला हजारीबाग की निवासी हूँ। मेरी शादी भीम कुमार राम पिता जागो राम, निवास स्थान बादम थाना बड़कागांव जिला हजाारीबाग से वर्ष 2019 में हुई। वर्तमान में एक पुत्री की मां हु। मेरे पति और ससुराल वालों द्वारा मुझ पर जानलेवा हमला कर बुरी तरह से मारपीट तथा गला दबाकर मारने का प्रयास किया गया। जिससे बेहोश हो गई। मुझे मृत समझकर उपरोक्त लोग घर में बाहर से ताला लगाकर भाग गए। जब मुझे होस आया तब अपने घर वालों को मोबाईल से घटना के बारे में सूचना दी। तब परिजनों ने मुझे शेख भिखारी मेडिकल कालेज हजारीबाग में भर्ती करवाया। जहा से आज छुट्टी होने के पश्चात में लिखित सूचना थाना को दे रही हूँ। आगे कहा कि मेरा पति एवं मेरे ससुराल वाले लोगों के द्वारा मुझे पैसे के लिए हमेशा मारपीट करते रहते है। जान मारने की धमकी देते रहते है। मेरे पति भीम कुमार राम एवं उनके परिवार के लोग भाई सिकेन्द्र कुमार, अजीत कुमार राम, विकास कुमार राम, बहन आरती सभी के पिता जागो राम माता कौशल्या देवी साकिन बादम थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग एवं अजय कुमार मामा पिता नाम न मालूम साकिन कानी बाजार थाना सदर जिला हजारीबाग से सभी लोगों के द्वारा 17 लाख रूपया बैंक से निकाल कर माँगा गया था। जिसमें इन लोगों को तीन लाख रूपया जमीन खरीदने के लिए दे चुकी हूँ। साथ ही इन लोगों की हरेक जरूरी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अपने सामर्थ अनुसार सभी मांगों को पूरा कर रही हूँ। इसके बावजूद भी इन लोगों के द्वारा मुझे जान मारने के नियत से लगातार मारपीट एवं प्रताडना किया जा रहा है। पूर्व में भी इन लोगो के द्वारा जब में कोडरमा में पदस्थापित थी उस समय मुझे तीकया से गर्दन दबा कर मारने का प्रयास किया जा चुका है। जिसकी लिखित सूचना मेरे द्वारा स्थानीय थाना एवं राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली को दी गई थी। मामले को लेकर दूसरे पक्ष से संपर्क करने की कोशिश की गई परन्तु कोई संपर्क नहीं हो पाया।

## सांसद प्रतिनिधि ने 5 करोड़ लागत राशि से सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

बड़कागांव ।

शिलान्यास करते सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा



मंगलवार को सूर्य मंदिर से अराहरा गांव तक तथा लंगातु से जुगरा होते हुए चेपाकला गांव तक साढ़े आठ किलोमीटर लगभग 5 करोड रुपए लागत राशि से सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद मनीष जायसवाल के प्रतिनिधि सह संसदीय सांसद सेवा कार्यालय के प्रभारी अनिल मिश्रा ने किया। इस मौके पर अनिल मिश्रा ने कहा कि यह दोनों पथ दर्जनों गांवों के लोगो का आवागमन का मुख्य मार्ग है। यह पथ कई साल से जर्जर था। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए सांसद के प्रयास से डी एम एफ टी फण्ड से स्वीकृति मिली है। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने संदेश में कहा कि इस क्षेत्र के प्रभावित ग्रामीणों का फर्ज बनता है कि सड़क निर्माण कार्य पर पैनी नजर रखे ताकि कार्य की गुणवत्ता बनी रहे। उन्होंने कहा कि संवेदक व एजेंसी की कारगुजारियों की वजह से घटिया सड़क निर्माण की शिकायत मिलती रही है। उन्होंने कहा कि लोगो की सजगता अति जरूरी है तभी गुणवत्ता बनी रहेगी। इस मौके पर मुखिया रंजीत मेहता, जिला मंत्री जयनारायण प्रसाद, मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, नसिंग प्रसाद, बैजनाथ साव, जमुना मेहता, दीपक कुमार महतो, अलंकार कुमार, कैलाश साव, शंकर राम, अर्जुन तिवारी, मनीष पांडे, रवि दांगी, शिशु मिश्रा समेत सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झारखंडी एकता संघ के अथक प्रयासों से मुंबई में झारखंड भवन का हुआ शिलान्यास




**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।** महाराष्ट्र स्थित नवी मुंबई के प्लॉट 2सी सेक्टर 30ए वाशी में सोमवार को 11 बजकर 5 मिनट में झारखंडी एकता संघ के पिछले 2 दशक के अथक प्रयासों से झारखंड भवन का हुआ शिलान्यास। उक्त जानकारी देते हुए विष्णुगढ़ के चेडरा निवासी झारखंडी एकता संघ के प्रवक्ता असगर खान ने बताया की झारखंडी एकता संघ का ये अनमोल तोहफा मुंबई में आने और रहनेवाले ज़रूरतमंदों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और जननेता विधायक विनोद सिंह ने 20 वर्ष के सपनों को साकार कर दिया। इसके अलावा असगर खान ने बताया कि पिछले 20 सालों से मुंबई में झारखंडी एकता संघ के द्वारा झारखंड भवन के निर्माण के लिए लगातार मांग की जा रही थी। एकता संघ 20 सालों से झारखंड के लोगों के लिए भारत के सभी बड़े शहरों में लगातार मदद करने का काम कर रही है, डेड बॉडी को झारखंड भेजना, परीक्षा में आए हुए बच्चों के लिए ठहरने का मकबूल इंतजाम करना, कैंसर पेशेंट के लिए की किफायती डिस्काउंट रेट में गेस्ट हाउस मुहैया कराना आदि कई काम में अग्रसर है। बता दें कि झारखंड भवन कुल 2576.93 स्क्वायर मीटर में निर्मित है, जिसमें कुल 57 डीलक्स रूम है और कुल 171 लोगों के ठहरने की क्षमता है। इसके साथ ही 9 वीवीआईपी स्वीट्स रूम भी उपलब्ध हैं और बड़ी संख्या में सभी प्रकार के वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध है। झारखंडी एकता संघ की ओर से इस मांग को पूरा करने हेतु आभार व्यक्ति किया गया।

## विधायक अंबा प्रसाद ने मेगालिथ पार्क का किया शिलान्यास



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत पकरी बरवाडीह में चर्चित स्थान मेगालिथ मैं विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा मेघालिथ पार्क का शिलान्यास किया गया वहीं पर विधायक अंबा प्रसाद को गजे बजे के साथ फूल माल देकर स्वागत भव्य रूप से किया गया विधायक अंबा प्रसाद संबोधित करते हुए कहां की बड़कागांव प्रखंड के पकरी बरवाडीह दो शिलान्यास ऐतिहासिक हुआ है 220/33केवी बिजली ग्रिड का शिलान्यास और मेघालिथ पार्क का शिलान्यास दोनों बड़कागांव के लिए ऐतिहासिक है मौके पर उपस्थित कांग्रेस ईटक प्रदेश सचिव अंकित राज, पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे,कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह,प्रखंड युवा अध्यक्ष आनंद कुमार ,झामुमो प्रखंड सचिव सरोज मेहता,रामनवमी महासमिति अध्यक्ष विवेक सोनी, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो,भुइयां समाज प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम, मुना भुइयां ,प्रेम साव ,बाबूलाल साव ,रोहित सिंह ,राजू राणा,शमशेर आलम,इत्यादि दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित हैं

## माइया सम्मान योजना पेंसन मे बढ़ोतरी को लेकर झामुमो की बैठक हुई सम्पन



**श्रमबिंदु इचाक ।** इचाक प्रखंड में मैईया समान योजना की राशि 1000 से 2500 करने पर महिलाओं में काफी खुशी है एवं महिलाओं ने एक स्वर में बोले हैं कि फिर से हेमंत सोरेन की सरकार बनाना है मननीय युवा मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के द्वारा मैईया समान योजना 1000 से बढ़कर रू 2500 जो कैबिनेट में पास किया गया सभी महिलाओं ने हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया और हेमंत सोरेन को फिर मुख्यमंत्री बनना है और बहरियों को भगाना है यह सब खुशी से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रति सभी को आस्था जातये है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम प्रखंड 20 सुत्री सदस्य दिगम्बर कुमार मेहता बाबुन हसदा मुकेश उर्फ जितेंद्र नगीना देवी धनेश्वरी देवी दुलारी देवी मंजू देवी कृष्णा देवी समवंती देवी पानू देवी शांति देवी मीना देवी फुलवा देवी रीना देवी खुशबू देवी चिंता देवी चौधरी देवी मीना देवी गीत देवी कौशल्या देवी सावित्री देवी वर्षा देवी उषा देवी एवं दर्शन महिलाएं उपस्थित थे।

# घर के कुएं से किशोर का शव मिलने से गांव में फैली सनसनी

श्रमबिन्दु इचाक



इचाक के चंदा गांव निवासी नोजल कुमार 12 वर्ष पिता बसंत प्रसाद मेहता का शव उसी के कुएं से मंगलवार की सुबह बरामद होते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई ।नोजल 13 अक्टूबर के दो बजे क्रिकेट खेलने की बात कहकर घर से निकला था ।पुत्र नोजल के शाम में घर नहीं आने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू किया, किंतु कहीं पता नहीं चला ।जिसके बाद रात में मृतक के पिता बसंत प्रसाद मेहता ने इचाक थाना में बे-टे के गुमशुदगी का सनहा कराया था ।मंगलवार की सुबह पड़ोस की महिला बसंत के कुएं से पानी लेने गई ।इसी दौरान पानी में नोजल के तैरता शव को देख, इसकी जानकारी नोजल की मां कंचन देवी को दिया ।जिसके बाद घर में चीख पुकार मच गई ।परिजनों के रोने की आवाज सुनकर पड़ोस की महिलाएं और ग्रामीण जमा हो गए ।जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई ।सूचना मिलते ही इचाक थाना प्रभारी संतोष कुमार दलबल के साथ चंदा पहुंचकर मृतक नॉलेज के शव को कुएं से निकाला ।शव को देखते ही मृतक की मां कंचन देवी बहन चंचल कुमारी,भाई नीरज और नसीब कुमार दहाड़ मार कर रोने लगे। पंचनाम के बाद पुलिस शव को पोस्टमास्टम के लिए ले जाने की प्रक्रिया में जुटी थी ।इसी बीच परिजनों ने नॉलेज की हत्या का आरोप लगाते हुए, डीएसपी के आने के बाद ही शव उठाने की मांग पर अड़ गए ।जिस कारण करीब चार घंटे तक शव घटना स्थल पर पड़ा रहा ।पुलिस द्वार परिजनों के समझने बुझाने के बाद शव को पोस्टमास्टम के लिए भेजा गया ।जिसे पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया ।मामले की गंभीरता को देखते हुए,पुलिस ने दरिया के एक छात्र और होटल संचालक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है ।पुलिस ग्रामीण और परिजन की मांग पर जगन्नाथ महतो इंटर कॉलेज और दरिया चौक में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालने में जुटी है ।परिजनों की माने तो 13 अक्टूबर की शाम पांच बजे नोजल को सिंघाड़ा खाते दरिया चौक में देखा गया था। इसके बाद से वह गायब था। मृतक के पिता बसंत प्रसाद मेहता ने कहां की साजिश के तहत बे-टे की अन्यत्र हत्या कर सोमवार मंगलवार की रात में घर के बाहर स्थित कुएं में अपराधियों ने डाल दिया होगा। समाचार लिखने तक परिजनों द्वारा थाना में आवेदन नहीं दिया गया था हालांकि चक पुलिस नोजल के मौत की हर पहलू पर गंभीरता से जांच पड़ता अल करने में जुटी है।

न्यूज अपडेट

## बोकारो एसपी पूज्य प्रकाश का हुआ तबादला मनोज स्वर्गीयारी बने बोकारो एसपी

**बोकारो ।** रेल धनबाद एसपी के पद पर पदस्थापित मनोज स्वर्गीयारी को बोकारो जिले का नया एसपी बनाया गया है. वहीं बोकारो एसपी के पद पर पदस्थापित पूज्य प्रकाश को पुलिस मुख्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है. गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से बोकारो एसपी का पद प्रभार में चल रहा था.



## बी एस एल के सतर्कता विभाग के द्वारा फ्रंटलाइन अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम




**बोकारो ।** सतर्कता विभाग के तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अन्तर्गत बी एस एल के फ्रंटलाइन अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में आयोजित किया गया जिसमे विभिन्न विभाग के कुल 31 अधिशासी प्रतिभागी के रूप में शामिल थे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महा प्रबंधक (सतर्कता) एवं ए सी वी ओ ज्ञानेश झा एवं मनीष जलोटा मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) के साथ संतोष कुमार गुप्ता सहायक महाप्रबंधक (सतर्कता) उपस्थित थे.कार्यक्रम का उद्देश्य बी एस एल के अधिकारियों के बीच संगठन की प्रणाली एवं प्रक्रिया, आचार एवं नीति, शासन, आचरण नियम, साइबर सुरक्षा, क्रय इत्यादि के विषय पर जागरूकता का प्रसार करना था. इस इंटरैक्टिव कार्यक्रम में संकाय सदस्यों ने संबंधित विषयों पर प्रतिभागियों के साथ ज्ञान तथा जानकारी को साझा किया. कार्यक्रम का सञ्चालन राजेश कुमार उप महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) के द्वारा किया गया.

## प्रिवेंटिव विजिलेंस के एबीएमएस विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन



**बोकारो ।** सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अन्तर्गत सामग्री प्रबंधन विभाग के सम्मेलन कक्ष में मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) हर्ष निगम , मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा तथा मुख्य महा प्रबंधक (सतर्कता) एवं ए सी वी ओ ज्ञानेश झा की उपस्थिति में प्रिवेंटिव विजिलेंस के एबीएमएस विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया. सत्र में कुल 30 अधिकारियों ने भाग लिया. यह कार्यक्रम सतर्कता जागरूकता सप्ताह- 2024 के अंतर्गत 3 महीने तक चलने वाले अभियान का एक हिस्सा था.

एबीएमएस जागरूकता सत्र में संकाय के रूप में शनि रंजन, सहायक महा प्रबंधक (सतर्कता) के द्वारा एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से एबीएमएस के पृष्ठभूमि और कार्यान्वयन जैसे विभिन्न पहलुओं तथा अधिशासियों और कर्मचारियों की भूमिका और जिम्मेदारियों पर विस्तृत रूप से चर्चा और विचार-विमर्श किया गया. चित्रा पाराशर, वरीय प्रबंधक (सतर्कता) के द्वारा क्रय मामलों के प्रसंस्करण में क्या करें और क्या न करें विषय पर सभी प्रतिभागियों के साथ केस स्टडीज के माध्यम से चर्चा किया गया.

## नईबस्ती में धारदार हथियार से महिला को किया घायल



**बोकारो थर्मल श्रमबिंदु।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के नईबस्ती में एक 35 वर्षीय महिला जालो देवी को उसके पति ने धारदार हथियार से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर अवस्था में घायल महिला को ग्रामीणों के सहयोग से परिजनों ने डीवीसी के बोकारो थर्मल अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक इलाज करने के बाद गम्भीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु बीजीएच अस्पताल रेफर कर दिया। डीवीसी चिकित्सक ने बताया कि महिला का गर्दन, माथा एवं हाथ व पीठ में जख्म के गहरे निशान है। घायल महिला के पड़ोसी ने बताया कि महिला का पति नशे का आदि है और नशा करने के लिए आए दिन रुपए की मांग करता रहता है। कुछ माह पूर्व अपने सगी मां के साथ भी मारपीट किए जाने संबंधित मामला बोकारो थर्मल थाना आया था जिसे पंचायत प्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद सुलझा दिया गया था।

# भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तिथियों का किया घोषणा

## झारखंड में दो चरण तो महाराष्ट्र में एक चरण में होगा चुनाव

**बोकारो ।**

भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड के साथ महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तिथियों का ऐलान कर दिया है। चुनाव की तिथियों की घोषणा के साथ दोनों राज्यों में चुनाव आचार संहिता लागू हो गयी है। झारखंड में कुल 81 सीटों पर इस बार 2 चरणों में मतदान होंगे। पहले चरण का मतदान 13 नवम्बर, दूसरे चरण का मतदान 20 नवम्बर को होंगे। वहीं महाराष्ट्र में सभी 288 सीटों के लिए एक ही चरण में वोट डाले जायेगा। दोनों राज्यों के चुनाव नतीजे 23 नवंबर को घोषित होंगे।झारखंड में कुल 81 सीटों पर मतदान होना है। 2019 में राज्य में कुल पांच चरणों में मतदान हुए थे। लेकिन पिछले दिनों जब निर्वाचन आयोग की टीम झारखंड दौरे पर आयी तब राज्य के हालात और सभी पार्टियों के साथ हुई वार्ता के बाद यह उम्मीद की जा रही है कि अब यहां पांच चरणों में मतदात्त की आवश्यकता नहीं है। चूंकि झारखंड पहले नक्सल प्रभावित राज्य था। आज झारखंड में नक्सलवाद है भी तो वह तीन-चार जिलों में ही सिमट गया है। इसलिए पूरी उम्मीद है कि झारखंड में 2 या 3 चरणों में मतदान होगे।

झारखंड के साथ अगर महाराष्ट्र के भी चुनाव तिथियों का ऐलान होता है तो वहां एक ही चरण में मतदान होगा। हालांकि महाराष्ट्र में झारखंड की तुलना में तीन गुणा से ज्यादा सीटें हैं। महाराष्ट्र में 288 सीटों वाली विधानसभा है। झारखंड में कम सीटें रहने के बाद भी ज्यादा चरणों में मतदान की वजह यह है कि यहां की भौगोलिक स्थिति काफी विषम है। इसलिए यहां एक चरण में मतदान कराना दूसरे राज्यों की तुलना में मुश्किल है। हालांकि निर्वाचन आयोग की टीम के सामने कुछ पार्टियों ने एक ही चरण में मतदान कराने की बात कही थी। बता दें कि झारखंड में 2019 विधानसभा चुनाव के लिए मतदान पांच चरणों में 30 नवम्बर, 7 दिसम्बर, 12 दिसम्बर, 16 दिसम्बर और 20 दिसम्बर को हुए थे। 2.59 करोड़ मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोगएउक के अनुसार, झारखंड में कुल 2.60 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं. जिनमें लगभग 1.31 करोड़ पुरुष 1.29 करोड़ महिला मतदाता हैं।

राज्य में 11.05 लाख से अधिक पहली बार मतदाता (18-19 वर्ष) 14 लाख 85 वरिष्ठ नागरिक और 3.64 लाख ढहऊमतदाता पंजीकृत 1845 से अधिक मतदाता 100 वर्ष से अधिक उम्र के हैं। सूची में 8 ढश्ळ्रकृका 100% नामांकन (1.73 लाख है। मतदाता सूची समावेशी और सहभागितापूर्ण चुनावों पर ध्यान केंद्रित करते ह सभी डीईओ की चुनावों में पीवीटीजी और

## आचार संहिता लागू

आदिवासी समूहों की भागीठापी बढ़ाने का निर्देशा दिया गया। राज्य का चुनाठी लिग अनुपात 978 है।

» कृत महिला मतदान 125 करोड़

» कारकड में बनेगे कुल 29.562 मतदान केन्द्र

समीक्षा के दौरान मतदान केंद्रों का अवलोकन करते हुए, सीईओ झारखंड ने बताया कि विधानसभा चुनाव में 20,276 स्थानों पर कुल 29,562 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इनमें से 24,520 मतदान केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में होंगे, जबकि 5,042 शहरी मतदान केंद्र होंगे, जहां प्रति मतदान केंद्र औसतन 872 मतदाता होंगे।

महिताओं और युवाओं की प्रमुख जनसांख्यिकी के बीच मतदान को बढ़ावा देने के लिए 1271 मतदान केंद्रों का प्रबंधन पूरी तरह से महिलाओं द्वारा किया जाएगा और 139 मतदान केंद्रों का प्रबंधन युवा कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। 48 मतदान केंद्रों का संचालन विकलांग व्यक्तियों द्वारा किया जाएगा।

» मतदान केंद्रों का सामान्य अवलोकन

मतदान केंद्रों की संख्या 29.562 ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान केन्द्र 24.520 प्रति मतदान केंद्र औसत मतदाता 872

## डीईओ सह डीसी ने आर्मस बैंड का किया लोकार्पण

### मतदान करने से संबंधित संदेश वाले आर्मस बैंड को बांधने का किया अपील

**बोकारो ।**

विधानसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर समाहरणालय सभागार में मंगलवार शाम डीईओ सह डीसी विजया जाधव ने आर्मस बैंड का लोकार्पण किया। बैंड में मतदान करने से संबंधित संदेश लिखा था। डीईओ सह डीसी ने कहा कि जिले का मतदान प्रतिशत संतोषजनक नहीं है। विशेषकर शहरी क्षेत्रों में, इस दाग को इस बार जिलावासियों को मिटाना है, उन्होंने जिले के मतदाताओं से मतदान प्रतिशत बढ़ाने का अपील किया, सभी को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने एवं दूसरों को भी मतदान करने का अपील करने को कहा।




डीईओ सह डीसी ने इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के विभिन्न एप वोटर हेल्पलाइन, सी विजिल, डायल 1950, सक्षम एप, केवाईसी आदि के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने उपस्थित सभी को मतदान करने के संदेश वाले आर्मस बैंड बांधने का अपील किया।

मौके पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, सामग्री कोषांग की नोडल पदाधिकारी मेनका,निर्वाची पदाधिकारी गोमिया सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, निर्वाची पदाधिकारी बोकारो सह एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, निर्वाची पदाधिकारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, निर्वाची पदाधिकारी बेरमो सह एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहयोगी पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सहयोगी पदाधिकारी पंकज दूबे आदि उपस्थित थे।

## विश्व ब्राह्मण संघ रामगढ़ जिला की बैठक हुई, प्रदीप शर्मा

**श्रमबिंदु/रामगढ़।**

विश्व ब्राह्मण संघ रामगढ़ जिला कमिटी की एक बैठक जलाराम बपा मंदिर बिजूलिया में हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व रामगढ़ जिला अध्यक्ष ने की एवं संचालन भूपेश मनी तिवारी ने की।बैठक में मुख्य अतिथि विश्व ब्राह्मण संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे,उपरोक्त बैठक में रामगढ़ जिला कमेटी का गठन होना एवं संगठन को मजबूत करने की दिशा पर चर्चा होनी थी एवं छठ पूजा महापर्व पर चर्चा होनी थी।सभी लोग ने अपने अपने विचार व्यक्त किये बैठक में नई कमिटी का चुनाव किसी वज़ह से नहीं हो सका। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी गांधी घाट रामगढ़ के बाहर ही स्टाल लगा कर, दूध एवं नारियल, सेव, संतरा कैला, धूप, अगरबत्ती इत्यादि छठ व्रतियों के बीच वितरण किया जायेगा, अगली बैठक आगामी 17 नवंबर को सुबह 10.30 बजे से स्थानः जलाराम बपा मंदिर बिजूलिया पुल के पास ही होगी।मौके पर विश्व ब्राह्मण संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष महेश शर्मा,पूर्व कोषाध्यक्ष गोकुल शर्मा, भूपेश मनी तिवारी,राजकुमार उपाध्याय,विजय प्रताप ओझा,अशोक पांडेय, मुना मिश्रा, जय किशन शर्मा, बिनोद शर्मा,कमलेश पांडेय इत्यादि लोगों की उपस्थिति थी, अंत में धन्यवाद ज्ञापन के उपरांत बैठक का समापन कि घोषणा की गई '




## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने की प्रेस वार्ता

**श्रमबिंदु/रामगढ़।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा से संबंधित प्रेस वार्ता किए जाने के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में प्रेस वार्ता की।इस दौरान उन्होंने जानकारी देते हुए सभी को बताया निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है।उन्होंने सभी को बताया कि 22 बड़कागांव 23 रामगढ़ एवं 24 मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 732292 मतदाता आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिसमें 22 बड़कागांव अंतर्गत पतरातू क्षेत्र में कुल 187006, 23 रामगढ़ क्षेत्र में 356262 एवं 24 मांडू अंतर्गत 189024 मतदाता शामिल है।स्वच्छ स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न करने को लेकर सभी तरह की तैयारी जिला प्रशासन के द्वारा पूरी कर ली गयी है।निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं।पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के द्वारा सभी को चुनाव के मद्देनजर जिले के अलग-अलग क्षेत्र में अंतर राज्य व अंतर जिला चेक पोस्ट के संबंध में जानकारी दी गई।साथ ही उन्होंने निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा की गई तैयारी की जानकारी दी।

### आदर्श आचार संहिता हुआ प्रभावी




झारखंड में विधानसभा आम निर्वाचन के तहत दो चरणों में चुनाव होंगे प्रथम चरण के लिए गैजेट नोटिफिकेशन का प्रकाशन 18 अक्टूबर को किया जाएगा वहीं नामांकन करने की आखिरी तिथि 25 अक्टूबर होगी,स्क्रुटनी का कार्य 28 अक्टूबर तक किया जाएगा वही 30 अक्टूबर तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे, मतगणना 13 नवंबर को होगी वहीं 23 रामगढ़ के लिए दूसरे चरण के तहत गजट नोटिफिकेशन का प्रकाशन 22 अक्टूबर नामांकन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर 2024, स्क्रुटनी 30 अक्टूबर एवं नामवापसी 1 नवंबर तक निर्धारित है। 22 बड़कागांव के लिए 13 नवंबर एवं 23 रामगढ़ के लिए 20 नवंबर मतदान की तिथि निर्धारित है, 23 नवंबर को मतगणना निर्धारित है वहीं 25 नवंबर 2024 के पूर्व निर्वाचन पूर्ण कर लिया जाएगा।प्रेस वार्ता के दौरान निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, निर्वाची पदाधिकारी 22 बड़कागांव सह भूमि सुधार उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,सहित अन्य उपस्थित थे।

## जेएलकेएम नें किया कार्यकर्ता मिलन-समारोह का आयोजन

- संगठन द्वारा दिये गए दायित्व को ईमानदारी से करें निर्वाहःपंकज



**श्रमबिंदु/रामगढ़ ।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने नईसराय में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के रामगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ नेता कुशवाहा पंकज महतो ने उन सभी को पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया।इस दौरान श्री महतो ने कहा कि मोर्चा की गाइड लाइन के अनुसार सभी काम करे काम करने वाले कार्यकर्ताओं की अलग ही पहचान रहती है। बिना काम के पद लेना भी गैर जिम्मेदारी का कार्य है इसलिए जिसके पास जो दायित्व है वह ईमानदारी से पूरा करें।पार्टी में जुड़ने वाले सदस्य मोहम्मद आलम ,टिंकू , रुस्तम अंसारी ,राजा खान ,मोहम्मद सेराज,मोहम्मद साबिर,राजा,रामजी कुशवाहा,इजहार आलम ,सोनू खान , शाहबाज खान, मोके पर विजय दुबे,अमित कुशवाहा,रोशन तिवारी,दीपू,बिनोद कुशवाहा,रिजाउल अंसारी कोलेश्वर कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## बोकारो जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान 20 नवंबर को

- 22 अक्टूबर को होगी अधिसूचना निर्गत,नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर
- 14,87,103 मतदाता करेंगे मतदान,जिसमें 7,65,024 पुरूष एवं 07,22,046 महिला मतदाता शामिल

**बोकारो ।**

भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा कर दी है। इसके अनुसार 34 गोमिया,35 बेरमो,36 बोकारो एवं 37 चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के लिए दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होना है। चुनाव की अधिसूचना 22 अक्टूबर, नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर, नाम निर्देशन प्रपत्रों की स्क्रूटनी 30 अक्टूबर, अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 1 नवंबर, मतदान की तिथि 20 नवंबर एवं मतगणना की तिथि 23 नवंबर निर्धारित की गई है। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कही , मौके पर सभी आरओ व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

सभी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 14,87,103 है। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 76,50,24 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 72,20,46 है। वहीं, ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 33 है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 27 अगस्त 2024 से अब तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 15,904 नये मतदाताओं को जोड़ा गया है। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत दिव्यांग मतदाता 18,731 एवं 85 प्लस मतदाताओं की संख्या 4,700 है ,जिला अंतर्गत सभी 04 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 828 भवनों में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1581 है।




जिसमें 34 गोमिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 206 भवनों में 341 मतदान केंद्र, 35 बेरमो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 213 भवनों में 355 मतदान केंद्र, 36 बोकारो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 204 भवनों में 588 मतदान केंद्र, 37 चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 205 भवनों में 297 मतदान केंद्र बनाएं गए हैं। वहीं, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने विभिन्न कोषांगों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी विस्तार से दी। आगे, उन्होंने बताया कि कृषि उत्पादन बाजार समिति आइटीआइ मोड़ चास को वज्रगृह एवं मतगणना केंद्र बनाया गया है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू करते हुए 247 कंट्रोल रूम कम्पोजिट कंट्रोल रूम में प्रारंभ है। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर ईवीएम के साथ वीवीपैट का इस्तेमाल किया जाएगा।

रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर बैन। मतदान के 48 घंटा पहले लाउडस्पीकर, चुनावी सभा, प्रसार-प्रचार पर रोक रहेगा। सभी उम्मीदवारों को हलफनामा देना होगा। प्रत्याशियों को अपराधिक रिपोर्ट भी देना होगा। विधानसभा चुनाव से संबंधित शिकायत जानकारी प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन नं.- डायल 1950 सेवा शुरू की गई है। जो सुबह 9.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक कार्यरत रहेगी।

निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्घंन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल एप बनाया गया है। जिसके द्वारा प्राप्त शिकायत को 100 मिनट के अंदर समाधान किया जाएगा।

निर्वाचन कार्य के सफल संचालन को लेकर कुल 204 सेक्टर पदाधिकारी बनाया गया है। साथ ही सभी नोडल पदाधिकारी का नोडल इनकोर आइडी बना लिया गया है जो निर्वाचन अवधि के दौराना निर्वाचन प्रक्रिया को सुव्वस्थित करने एवं अनुमति देने या नहीं देने के संबंध में समूचित निर्णय लेने में मदद करेगा।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, सामग्री कोषांग की नोडल पदाधिकारी मेनका,निर्वाची पदाधिकारी गोमिया सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, निर्वाची पदाधिकारी बोकारो सह एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, निर्वाची पदाधिकारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, निर्वाची पदाधिकारी बेरमो सह एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार,सहयोगी पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सहयोगी पदाधिकारी पंकज दूबे आदि उपस्थित थे।

श्रमबिन्दु

न्यूज़ अपडेट

## एमजीएम मेडिकल कालेज और अस्पताल किशनगंज में लंबी लाईनों से मरीज़ और परिजन परेशान।

- एक एक मरीजों का लाईनों में 7-8 घंटे समाप्त हो जाते हैं।

**किशनगंज।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में दवाइयां मुफ्त मिलती है जो अच्छी बात है मगर कार्ड बनाने में 200 लोगों से अधिक होते हैं लाइन में जहां एक-एक मरीज को चार-पांच घंटे लाइन में खड़े बीत जाते हैं जबकि अगर तारीख देना हो तो उसमें भी 200 से अधिक लोग होते हैं। कार्ड लेकर डॉक्टर को दिखाना जांच करने पर भी लंबी लाइन होती है। जिससे कम से कम 4 से 5 घंटे खत्म हो जाते हैं। यही नहीं डॉक्टर से जांच के बाद दवाइयों के लिए लगभग तीन-चार घंटे समाप्त होते हैं। ऐसे में मरीज़ और उनके परिजन दिनभर समाप्त कर घर वापस जाते हैं। कई मरीज ने एमजीएम के मेडिकल कॉलेज के प्रशासन की ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कॉलेज के निदेशक डॉक्टर दिलीप कुमार जायसवाल हैं जो पूर्व में तीन बार एमएलसी रह चुके हैं और वर्तमान नीतीश कुमार काबिना में बिहार के मजबूत मंत्री हैं। उन्हें इस तरह की कष्ट दायक लाइन लगाने पर भी विचार करते हुए काउंटर में वृद्धि करनी चाहिए अथवा कोई विकल्प निकालना चाहिए। क्योंकि वह ठहरे हैं एमजीएम के निदेशक।

## प्रदेश अध्यक्ष कमरूजमा अंसारी का प्रदेश मंत्री तल्हा यूसुफ द्वारा भव्य स्वागत किया गया

**किशनगंज।** किशनगंज में प्रवास के दौरान बिहार बंगाल सीमा पर जिला के अल्पसंख्यकों मोर्चा कमिटी के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष कमरूजमा अंसारी का प्रदेश मंत्री तल्हा यूसुफ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला महा मंत्री फारूक, पुर्व जिला अध्यक्ष शमीम अशरफ, जिला मंत्री मोहम्मद नदीम एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डीएमए ने भूख हड़ताल का समर्थन किया और पश्चिम बंगाल के रेजिडेंट डॉक्टरों की मांगों का समर्थन किया

**किशनगंज।** 15 अक्टूबर 2024 कोलकाता के युवा डॉक्टर अपनी जायज मांगों के लिए लड़ते हुए अपने आमरण अनशन के 11वें दिन में प्रवेश कर गए हैं। तीन डॉक्टरों को पहले ही अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है। उनके मुद्दे के साथ एकजुटता दिखाते हुए, दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन (डीएमए) ने आईएमए जेडीएन और आईएमए एमएसएन दिल्ली यूनिट के सहयोग से पश्चिम बंगाल रेजिडेंट डॉक्टरों का पूरा समर्थन करते हुए आज आईएमए मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया।
डीएमए ने सेंट्रल हेल्ट के तत्काल कार्यान्वयन का आ''ान किया है।

## धनबाद में राज्यपाल संतोष गंगवार ने किया एसजेएएस निजी हॉस्पिटल का उद्घाटन

**श्रमबिंदु /धनबाद।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने मंगलवार को एसजेएएस मल्टी स्पेशलिटी निजी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। एसजेएएस हॉस्पिटल को पूर्वी भारत का सबसे आधुनिक अस्पताल बताया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व सांसद पी.एन. सिंह, विधायक राज सिन्हा, रागिनी सिंह और अस्पताल के ऑनर अमरेंद्र सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे। मीडिया से बात करते हुए अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि इस अत्याधुनिक स्वास्थ्य संस्थान में 19 विभिन्न बीमारियों का इलाज उपलब्ध होगा, जिससे झारखंड के लोगों को इलाज के लिए अन्य राज्यों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि यहां मरीजों को उचित दाम पर बेहतरीन चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराई जाएंगी, जो क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती प्रदान करेंगी। अभी तक कई निजी हॉस्पिटल ने इलाज के खर्च का मूल्य तालिका डिस्प्ले नहीं किया है, अब देखें ये गरीब मरीजों का इलाज कितना सस्ता और अच्छा कर पाता है।



## अंततः एनएसयूआई ने रोकी आईआईटी आईएसएम की बाउंड्री का काम

**श्रमबिंदु /धनबाद।** मंगलवार को बिना किसी जानकारी के धनबाद आईआईटी आईएसएम ने पी. के.रॉय कॉलेज के सामने अपनी बाउंड्री करने की कोशिश की। प्रवक्ता ने बताया बाउंड्री से पी. के. रॉय कॉलेज के छात्रों को बहुत परेशानियों का सामना करना पर सकता है तथा कॉलेज में किसी भी प्रकार की आपदा होने पर बाहर निकलने के लिए केवल एक रास्ता है। जिस कारण आज सभी शिक्षक तथा दर्जनों छात्र के साथ एनएसयूआई ने आंदोलंद किया और बाउंड्री होने से रोका।मौके पर मौजूद एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, प्रदेश सचिव रवि, विश्वविद्यालय छात्र प्रतिनिधि राज रंजन सिंह, सन्नी सिंह,अनिकेत ,रोशन कुमार, पियूष सिंह, अमन,आयुष, ध्रुव, नवनीत, अभिनाश,वरुण, मुकेश,सचिन तथा अन्य छात्र मौजूद थे।




# मंत्री बेबी देवी नहीं लड़ेंगी डुमरी से चुनाव !

## संभावना बलवती हो रही है कि पुत्र अखिलेश संभाल सकते हैं विरासत ?

**श्रम बिंदु /डुमरी।**

33 डुमरी विधानसभा क्षेत्र के आगामी चुनाव से मंत्री बेबी देवी की जगह उनके पुत्र अखिलेश महतो चुनाव लड़ सकते हैं। इस सीट पर जयराम महतो की प्रतिद्वंद्विता से त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना दिख रही है। नक्सल समस्या, विकास और रोजगार की अभाव क्षेत्र की मुख्य समस्याएं हैं। जनता किसे चुनती है, ये समय बताएगा।
मंत्री बेबी देवी अपने पुत्र अखिलेश महतो को चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी में हैं। जयराम महतो से झामुमो और आजसू पार्टी दोनों को है डर।

» लोकसभा चुनाव 2024 में जयराम महतो को मिली थी बढ़त।





मंत्री जगरनाथ महतो की मौत के बाद डुमरी विधानसभा क्षेत्र से जगन्नाथ महतो के इकलौते पुत्र अखिलेश महतो को पिछली उपचुनाव मैदान में उतारने की पुरजोर तैयारी थी। लेकिन कुछ महीने उम्र में कमी के कारण उपचुनाव में अखिलेश महतो को चुनाव मैदान में न उतरकर जगन्नाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को झामुमो ने चुनाव मैदान में उतारा था, और जीत हासिल की थी।
अब विधानसभा चुनाव 2024 में बेबी देवी अपने इकलौते पुत्र अखिलेश महतो को चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी में हैं। अभी हाल के दिनों में भी डुमरी क्षेत्र के कई सरकारी और निजी कार्यक्रमों में भी मंत्री बेबी देवी अपने पुत्र अखिलेश महतो के साथ नजर आती रही हैं।
साथ ही मंत्री बेबी देवी भी कई बार मीडिया के सामने यह खुलासा कर चुकी है कि अब डुमरी की जनता उनके पुत्र को आशीर्वाद दें, ताकि वह अपने पिता के सपनों को पूरा करने के लिए क्षेत्र वासियों की सेवा के लिए आगे आए।
मतलब साफ है कि मंत्री बेबी देवी अपनी राजनीतिक विरासत अब अपने पुत्र अखिलेश महतो को सौंपने की तैयारी में है। हालांकि अभी पार्टी की तरफ से अखिलेश के नाम की घोषणा नहीं की गई है। लेकिन माना यह जा रहा है कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र से इस बार पार्टी अखिलेश महतो को प्रत्याशी बना सकती है।

» जयराम महतो से झामुमो व आजसू पार्टी दोनों को है डर

1932 के खतियान आधारित नीति लागू करने स्थानीय लोगों को हक और अधिकार दिलाने समेत अन्य मुद्दों के नाम पर अस्तित्व में आए जयराम महतो लोकसभा चुनाव 2024 में गिरिडीह से 3 लाख 50 हजार के आसपास वोट लाकर क्षेत्र में अपनी ताकत दिखा चुका है। इसी दम पर उसने इस बार खुद डुमरी विधानसभा से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। हालंकि जयराम महतो ने और एक स्थान से चुनाव लडने की बात की है। लेकिन उन्होंने दूसरी विधानसभा सीट का अभी खुलासा नहीं किया है। हो सकता है कि वो बाघमारा से चुनाव लड़े, खैर जो भी हो। डुमरी से जयराम के चुनाव लड़ने से डर दोनों ही पार्टी को जरूर है।

» लोकसभा चुनाव 2024 में जयराम महतो को मिली थी बढ़त

लोकसभा चुनाव 2024 में गिरिडीह लोकसभा सीट के डुमरी विधानसभा क्षेत्र में जयराम महतो को बड़ी बढ़त मिली थी। डुमरी में जयराम महतो को करीब 90 हजार वोट मिले, जबकि आजसू पार्टी प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी को 55 हजार और जेएमएम के मथुरा प्रसाद महतो को 52 हजार वोट मिले थे।

| उम्मीदवार का नाम | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| चंद्रप्रकाश चौधरी | आजसू | 55421 |
| मथुरा प्रसाद महतो | जेएमएम | 52193 |
| जयराम महतो | निर्दलीय | 90541 |

# गिरिडीह में 6 विधानसभा क्षेत्रों के करीब साढ़े बीस लाख मतदाता देंगे मत

- गिरिडीह जिले में हुई निषेधाज्ञा लागू
- जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन
- गिरिडीह के सभी विधानसभा क्षेत्रों में दूसरे चरण के तहत दिनांक 20 नवंबर को होगा मतदान

**श्रम बिंदु /गिरिडीह।**

झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर मंगलवार को गिरिडीह समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक,डॉ बिमल कुमार के द्वारा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज दिनांक 15 अक्टूबर को निर्वाचन की घोषण के उपरांत पूरे जिले में आचार संहिता लागू कर दिया गया है।
उन्होंने बताया कि पूरे गिरिडीह जिला अंतर्गत सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में दूसरे चरण के तहत दिनांक 20.11.24 को मतदान किया जाना है।
प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि दिनांक- 22.10.2024 को गैजेट नोटिफिकेशन की तारीख तय की गयी, नामांकण की अंतिम तिथि है, दिनांक 29.10.2024 निर्धारित की गयी है, स्क्रूटनी ऑफ नोमिनेशन की तिथि 30.10.2024, नाम वापसी की अंतिम तिथि 01.11.2024 तय की गयी है, मतदान की तिथि-20.11.2024 निर्धारित की गयी है।
इसके अलावा मतगणना की तिथि 23.11.2024 निर्धारित की गयी है एवं चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति की तिथि 25.11.2024 निर्धारित की गयी है। इसके अलावे उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि गिरिडीह जिला अन्तर्गत 06 विधान सभा क्षेत्र में कुल 20,54,303 मतदाताओं की संख्या है। जिसमें 28 धनवार के 3,70,226 मतदाता, 29 बगोदर के 3,86,603 मतदाता, 30 जमुआ के 3,58,488 मतदाता, 31 गांडेय के 3,19,358 मतदाता, 32 गिरिडीह के 3,04,170 मतदाता तथा 33 डुमरी के 3,15,458 मतदाता शामिल हैं। जिसमें पुरुष मतदाता 10,52,340 एवं महिला वोटरों की संख्या 10,01,953 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या




10 तथा सर्विस वोटर की संख्या 1845 है। जिले में कुल 2393 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। साथ हीं दिव्यांग व बुजूर्ग मतदाताओं को पूर्व की तरह विभिन्न सुविधाओं मुहैया करायी जायेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना जारी होने के पश्चात आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। उक्त परिप्रेक्ष्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जाएगा। आचार संहिता का उलंघन करनेवालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई होगी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि अगले 24 घंटे में सरकारी और 48 घंटे में सार्वजनिक प्रकार बैनर/पोस्टर और होर्डिंग को हटा दिए जाए।
आगे जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि चुनाव आदर्श आचार संहिता सख्ती से लागू हो इनमें मीडिया प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने कहा कि शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दण्डाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। इसके अलावे उपायुक्त ने विधानसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर मतदाताओं से भयमुक्त होकर शतप्रतिशत मतदान करने की अपील की। साथ ही उपायुक्त ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में चुनाव कराने की तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। उन्होने जानकारी देते हुए कहा कि विधानसभा आम चुनाव सम्पन्न कराने के दृष्टिकोण से पूर्व में हीं सभी कोषांगों का गठन कर दिया गया है। प्रत्येक कोषांग के लिए प्रभारी पदाधिकारी के साथ-साथ वरीय पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत विभिन्न प्रखंडों कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस बार शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए कई स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। साथ ही वोटर हेल्पलाइन ऐप, सी विजिल ऐप, 1950, सक्षम ऐप आदि की जानकारी भी आमजनों को दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि एफएसटी दल की संख्या 17 है, जो तीन शिफ्ट में कार्य करेंगे। इसी प्रकार एसएसटी दलों की संख्या भी 17 है, जो तीन शिफ्ट में कार्य करेगें। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से 17 चेकनाका बनाया गया है, जिसके माध्यम से आवागमन की नियमित निगरानी की जाएगी। तथा एईओ की संख्या 06, वीएसटी की संख्या 39, वीवीटी की संख्या 06 है। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र के इस पर्व में 10, 528 मतदान कर्मियो की प्रतिनियुक्ति की गई है। 28 धनवार विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाची पदाधिकारी के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी, खोरी महुआ, 29 बगोदर विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाची पदाधिकारी के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी, बगोदर सरिया, 30 जमुआ विधानसभा चुनाव क्षेत्र के लिए निर्वाची पदाधिकारी के रूप में अपर समाहर्ता, 31 गांडेय विधानसभा चुनाव क्षेत्र के लिए निर्वाची पदाधिकारी के रूप में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, 32 गिरिडीह विधानसभा चुनाव क्षेत्र के लिए निर्वाची पदाधिकारी के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह तथा 33 डुमरी विधानसभा चुनाव क्षेत्र के लिए निर्वाची पदाधिकारी के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी है।
इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा कर दी है। इसी अधिसूचना के साथ पू-रे जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। सभी संबंधित अधिकारियों/पुलिस अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का उचित अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर असमाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने के अलावे सीमावर्ती ईलाकों में विशेष गश्ती व विशेष अभियान चलाया जायेगा, ताकि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जायेगी। भ्रामक और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कारवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि फ्लाइंग स्कॉड और स्टैटिक निगरानी दल का गठन किया गया है। ताकि शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में लोकसभा चुनाव संपन्न कराया जा सकें।
इस दौरान गिरिडीह जिला अंतर्गत सभी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## चांदमारी में मूर्ति विसर्जन के दौरान दो समुदायों में विवाद को लेकर एसडीपीओ के नेतृत्व में सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया

- दो पक्षों को बैठा कर प्रशासन एवं समाजसेवी ने सुलझाया विवाद

**मधुपुर।**

15 अक्टूबर शहर के चांदमारी स्थित मस्जिद के सामने रविवार को मूर्ति विसर्जन को लेकर फैले तनाव के बाद मंगलवार को दोपहर 3:30 बजे दोनों समुदाय के विवाद को लगभग सुलझा लिया गया। मधुपुर थाने परिसर में चली मीटिंग के बाद दोनों पक्षों की आपसी सहमति से इलाके में शांति बनाए रखने का भरोसा दिया गया। मीटिंग में दोनों पक्षों के अलावा कार्यपालक दंडाधिकारी विनय कुमार पांडे सीओ यामुन रविदास, एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद, अंचल पुलिस निरीक्षक अवधेश कुमार नागरिक समिति के अध्यक्ष अरविंद तिवारी, मधुपुर चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के महासचिव हेमंत नारायण सिंह उर्फ मोती सिंह, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष फैयाज कैसर,संजय यादव, अधीरचंद्र भैया मोहम्मद शयाम पूजा समिति के संयोजक कन्हैयालाल कन्नू, मदरसा सिराजुल इस्लाम चांदमारी मोहल्ला कमेटी के सचिव अल्ताफ हुसैन, मोहम्मद चांद, समाजसेवी मोहम्मद राजा आदिल रशीद समेत दोनों पक्षों के समुदायों के अध्यक्ष एवं सचिव और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे । इस पूरे विवाद को सुलझाने और क्षेत्र में शांति सौहार्द फिर से कायम कराने में पिछले दो दिन से समाजसेवी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स नागरिक समिति एवं प्रशासन के पदाधिकारी लगातार जुटी रही। इसी को लेकर सोमवार की रात्रि को मधुपुर थाना परिसर में आपातकालीन बैठक रखी गई थी। जिसमें 10 सदस्यों की टीम जहां घटना घटी प्रदीप मोदी के मकान की सीसीटीवी को लगभग दो घंटा खंगाला गया। लेकिन किसी प्रकार की कोई भी ऐसी घटना से संबंधित गाली गलौज और ना ही पटाखा फेके जाने की सीसीटीवी फुटेज में नजर नहीं आया। पुलिस अफसरों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर किसी प्रकार की कोई पहचान नहीं हो पाया गया। वहीं बैठक में दोनों समुदायों के लोगों ने आश्वासन दिया। मधुपुर शहर में गंगा-जमुना तहजीब को बरकरार रखेंगे और अमन शांति के साथ रहेंगे। वहीं एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद ने कहा इलाके में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए मदद का भरोसा दिया। मौके पर दोनों समुदाय के लगभग दर्जनों लोग उपस्थित थे।



# स्वास्थ्य कर्मियों ने विजय जुलूस निकाला

**देवघर।**

आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पुराना सदर अस्पताल से बाबा बैद्यनाथ मंदिर तक एक विजय जुलूस निकाला गया. झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के नेतृत्व में निकाला गया.
यह जुलूस माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग में लैब तकनीशियन के पद पर नियमितीकरण के बाद सदर अस्पताल देवघर में नियुक्त हुए मनोज कुमार मिश्र के जीत के उपलक्ष्य पर निकाला गया था. वर्ष 2005 में अनुबंध पर नियुक्त हुए पारा मेडिकल कर्माचारियों के नियमितीकरण के लिए 2014 में नियमावली बना कर 2014 में एएनएम और 2016 में पारा मेडिकल कर्मियों को नियमित किया गया जिनकी कुल संख्या 1300 थी. वर्ष 2014 में राज्य स्तरीय आंदोलन के साथ आमरण अनशन किया गया था, जिसमें कई अनशन पर बैठे कर्मियों के गंभीर होने के बाद भी सरकार के तरफ से सकारात्मक रुख नहीं होने पर देवघर जिले के सभी 104 अनुबंध कर्माचारियों ने बाबा मंदिर जाकर आंदोलन रत कर्मचारियों के स्वस्थ रहने और जल्द नियमितीकरण की कामना की थी और नियमितीकरण होने पर पुनः बाबा दरबार में सामुहिक हाजिरी लगाने की मन्नतें की थी जिसके दूसरे दिन ही नियमावली को मंजूरी मिल गई थी और और लगातार श्री मिश्रा के नेतृत्व में आंदोलन कर अक्टूबर 2014 में देवघर जिले की 77 एएनएम को नियमित किया गया था और वर्ष 2016 में पारा मेडिकल कर्मियों को नियमित किया गया था, जिसमें सब कुछ सही रहने के बावजूद साजिश के कर के श्री मिश्रा का नियमितीकरण नहीं किया गया, जिसके खिलाफ श्री मिश्रा ने माननीय उच्च न्यायालय में वाद दाखिल किया, जिसमें सरकार ने अपनी गलती स्वीकार की फिर न्यायालय ने तीन महीने में नियमितीकरण का आदेश जारी किया फिर विभाग ने इन्हें नियमित किया.उधर श्री मिश्रा के नियमितीकरण नहीं होने के कारण कोई कर्मचारी मंदिर नहीं गये थे. इनके नियमितीकरण के बाद सभी कर्मचारी गाजे बाजे,अबीर गुलाल लगाते हुए, मिठाई बांटते हुए नाचते गाते हुए बाबा मंदिर गए और बाबा वैद्यनाथ का आभार प्रकट किया. इस कार्यक्रम में सिविल सर्जन कार्यालय, सदर अस्पताल सहित सभी सरकारी अस्पतालों के नियमित तथा अनुबंध के सैकड़ों कर्माचारियों ने हिस्सा लिया.



राष्ट्रीय उद्यमिता एवम् लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड)
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार
उद्यमी लभते सिद्धिम् niesbud
ए–23, सेक्टर–62, (संस्थागत क्षेत्र), नोएडा–201309 (उ0प्र0)
सत्यमेव जयते GOVERNMENT OF INDIA MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT & ENTREPRENEURSHIP
स्वरोजगार हेतु उद्यमिता विकास कार्यक्रम
(अपना व्यवसाय शुरू करने का सुनहरा अवसर)
योग्यताः 18 से 50 वर्ष की आयु वर्ग के बेरोजगार
प्रतिभागियों का चयन दिनांकः 16.10.2024
स्थान– 1. सेन्हा, लोहरदगा, झारखंड– 825302
2. मुंसफ रोड़, जेलहाता, डालटनगंज, पलामू, झारखंड– 822101
सीमित सीटें– 100 प्रति स्थान
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें–
कोर्स निदेशकः मनीष कुमार, मो0: 8826894375
manish@niesbud.gov.in
www.niesbud.nic.in
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार
(आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (संकल्प))

स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com